


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 42 ■ अंक-019 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अप्रैल 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.


## संक्षेप

### 9 मई को नेशनल लोक अदालत

**रायपुर, 17 अप्रैल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को प्रदेशभर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में यह आयोजन तालुका न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में एक साथ होगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसका उद्देश्य लंबित मामलों को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में निपटाना है, जिससे पक्षकारों को वर्षों की कानूनी प्रक्रिया से राहत मिल सके। लोक अदालत में दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउंस (धारा 138) के मामले, बैंक रिकवरी के प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से जुड़े मामले, भरण-पोषण (धारा 125) के प्रकरण, परिवार न्यायालय संबंधी विवाद, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद, विद्युत, जलकर, संपत्ति कर, टेलीफोन तथा राजस्व प्रकरणों को रखा जाएगा। इन मामलों में आपसी सहमति बनने पर तत्काल निराकरण संभव होगा।

### पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत पर रोक वाले फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। वह शुक्रवार को फिर से अदालत पहुंचे थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अर्जी ही सुनने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने पहले ही तेलंगाना हाई कोर्ट के अग्रिम जमानत वाले फैसले पर रोक लगा दी थी। तब से पवन खेड़ा पर असम पुलिस की ओर से गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इसी पर रोक की उम्मीद लेकर वह फिर से कोर्ट गए थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें असम की किसी अदालत का रुख करने की सलाह दी है। बेंच ने कहा कि आपकी अर्जी और मामले का अधिकार क्षेत्र असम की अदालत के पास है। इसलिए आपको वहीं पर अर्जी डालनी चाहिए।

### सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी

**पटना, 17 अप्रैल।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गुजरात से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बांका निवासी आरोपी शेखर यादव को बिहार और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में पकड़ा गया और उसे आगे की जांच के लिए बिहार लाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने मुख्यमंत्री के आवास पर फोन करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसकी पहचान बिहार के बांका जिले के निवासी 32 वर्षीय शेखर यादव के रूप में हुई है। जांच के दौरान, उसका पता गुजरात के सानंद में चला। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, गुजरात और बिहार पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मंत्री के घर ईडी रेड, 13 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** पंजाब की राजनीति में आज सुबह-सुबह बड़ा झटका लगा जब आप सरकार के ताकतवर मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी ने रेड मार दी। सुबह 7 बजे ही टीम लुधियाना के गुरदेव नगर स्थित उनके घर पहुंच गई और बाहर भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई। मामला सिर्फ एक घर तक सीमित नहीं है। लुधियाना, जालंधर, गुरुग्राम और चंडीगढ़ में कुल 13 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी चल रही है। अरोड़ा के करीबी रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और उनके पार्टनर चंद्रशेखर अग्रवाल भी श्वष्ठ के निशाने पर हैं। सूत्रों के मुताबिक पूरा खेल जमीन का है। आरोप है कि इंडस्ट्रियल जमीन को नियमों को ताक पर रखकर रेजिडेंशियल में बदला गया। यानी ष्ट्ररु में गड़बड़ी कर बड़ा फायदा उठाया गया।




# दूरस्थ और छोटे गांवों तक पहुंचेगी सड़क सुविधा

## वेदांता हादसे के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : सीएम



**रायपुर, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के दौरे पर रवाना हुए। उनके साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी जशपुर के लिए निकले। दोनों नेता वहां आयोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 कार्यक्रम में शामिल होंगे।

जशपुर प्रवास को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 750 पीएम ग्राम सड़क योजना की स्वीकृति दी है। इससे दूरस्थ और छोटे गांवों तक सड़क सुविधा पहुंचेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। सीएम साय ने 'सुशासन तिहार' को लेकर कहा कि राज्य सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर अधिकारियों के साथ सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा

**वेदांता हादसे पर सख्त रुख:** वहीं, वेदांता हादसे में चेयरमैन समेत 19 लोगों पर एफआईआर दर्ज होने के मामले में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि घटना के तुरंत बाद ही स्पष्ट कर दिया गया था कि पूरे मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ेगी।

## भूपेश बघेल के बयान पर डिप्टी सीएम शर्मा का पलटवार



**रायपुर, 17 अप्रैल।** वेदांता पावर प्लांट हादसे में चेयरमैन चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत 19 लोगों पर एफआईआर दर्ज किए जाने पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मामला दर्ज हो चुका है. दुर्घटना बहुत बड़ी है. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पोस्ट पर उन्होंने कहा कि एफआईआर ऑनलाइन होती है, उन्हें लिंक बता दीजिए, तो वो देख लें. बता दें कि वेदांता पावर प्लांट हादसे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में किए अपने पोस्ट में सरकार पर एफआईआर को सार्वजनिक नहीं करने का आरोप लगाया है. उन्होंने वेदांता कंपनी के पूर्व हादसों का जिक्र करते हुए तत्कालीन भाजपा सरकार के लीपा-पोती करते हुए कंपनी के मालिकों और ठेकेदार को बचाने का आरोप लगाया है. नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की आधी आबादी को 33त्न आरक्षण दिया जा रहा है. जो इसके विपक्ष में है वह भारत की मातृशक्ति को जवाब दें. महिलाएं जब साथ चलेंगी, तब भारत आगे बढ़ेगा.

**पूरा बस्तर हो चुका नक्सलवाद:** वहीं नक्सलमुक्त क्षेत्रों में जनगणना को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर में उत्सव का समय है. महिला मड़ई में नए रंग देखने मिले. बस्तर बदल चुका है, लोग खुलकर हंस पा रहे हैं. बस्तर में विकास के कार्य गांव-गांव तक जाएंगे. वाइब्रेंट बस्तर विलेज योजना बनाकर आगे बढ़ेंगे. पूरा बस्तर नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है।

# महिला आरक्षण पर बहस जारी

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने लोकसभा में सरकार से सवाल दागा कि आखिर इतनी जल्दबाजी क्यों है और जनगणना के आंकड़ों का इंतजार क्यों नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा ठीक नहीं लगता है और वह ओबीसी वर्ग की महिलाओं को अधिकार देने से बचने के लिए जाति जनगणना के आंकड़ों का इंतजार नहीं कर रही है। ऐसा ही सवाल गुरुवार को अखिलेश यादव ने भी उठाया था। उनका कहना था कि सरकार को पहले आंकड़े आने देना चाहिए और फिर ओबीसी वर्ग और मुसलमान महिलाओं को भी आरक्षण देना चाहिए। इसी सवाल को डिंपल यादव ने शुक्रवार को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, 'जब आपकी सरकार 2024 में आई तो आपने जनगणना तुरंत क्यों नहीं शुरू कराई। इसके लिए आपने करीब ढाई साल का इंतजार क्यों किया। अब यदि उसमें देर ही कर दी है तो फिर महिला आरक्षण को बिना जरूरी आंकड़ों के ही लागू करने की जल्दबाजी क्यों दिखा रही है। समाजवादी पार्टी का मानना है कि भाजपा परिसीमन को खुद को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करना चाहती है। ये लोग परिसीमन में इसलिए जनगणना को हटाना चाहते हैं ताकि ओबीसी महिलाओं को आरक्षण ना दिया जा सके।' उनकी इस टिप्पणी को अमित शाह को जवाब के तौर पर भी देखा जा रहा है। अखिलेश यादव ने जाति जनगणना वाला सवाल पूछा था। इस पर अमित शाह ने उन्हें रोकते हुए कहा था कि अभी तो घरों की गिनती की जा रही है। जब लोगों की गिनती होगी तो जाति वाला कॉलम जुड़ेगा। अब इसी पर तंज करते हुए डिंपल यादव ने कहा कि तीन सालों में सरकार घरों की गिनती ही करा पाई है।

इसके आगे उन्होंने उत्तर प्रदेश के हालात पर बात की। डिंपल यादव ने कहा कि यूपी में प्राइमरी स्कूलों को गांव-गांव में बंद किया जा रहा है। इससे महिलाएं कैसे आगे बढ़ेंगी। यूपी की व्यवस्था ध्वस्त है। सुरक्षा और महिलाओं के सम्मान की बात को क्या ही किया किया जाए। फिर उन्नाव में कुलदीप सिंह सेंगर ने क्या किया। इसे भी देखना चाहिए। मणिपुर में जो घटनाएं हुई हैं, उस पर महिलाओं के सम्मान की बात कहां गई।

### रास में हरिवंश पर फिर भरोसा

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** आज विपक्ष द्वारा कोई उम्मीदवार न उतारे जाने के कारण हरिवंश राज्यसभा के उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित हो गए। यह लगातार तीसरी बार है जब हरिवंश इस पद पर चुने गए हैं। हरिवंश का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त होने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। राज्यसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सी पी राधाकृष्णन ने कार्य प्रक्रिया एवं संचालन नियमों के नियम 7 के तहत शुक्रवार को चुनाव की तिथि निर्धारित की थी। प्रस्तावों की सूचना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि गुरुवार दोपहर 12 बजे थी। प्रधानमंत्री मोदी ने हरिवंश को उनके पुन: निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि सदन की ओर से, मैं हरिवंश नारायण सिंह को तीसरी बार उपसभापति चुने जाने पर बधाई देता हूँ। यह सदन का आप पर गहरा विश्वास दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं एक बात पर विशेष ध्यान दिलाना चाहता हूँ, आज 17 अप्रैल है – हमारे पूर्व प्रधानमंत्री चंद्र शेखर की जयंती। यह विशेष बात है कि आप (हरिवंश) उनकी जयंती पर तीसरी बार इस यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं, विशेष रूप से उनके साथ आपके घनिष्ठ संबंधों को देखते हुए।

### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने शासन से 4 हफ्ते में मांगा जवाब

**बिलासपुर, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में प्रावधानों का पालन नहीं करने का दावा करते हुए हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई गई है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पी. पी. साहू की बेंच ने शासन से चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

दरअसल, राजनांदगांव निवासी प्रदीप शर्मा ने अपने अधिवक्ता अली असगर के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। जिसमें बताया गया है कि चयन प्रक्रिया में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, जो पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती हैं। नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट में नमित शर्मा और अंजलि भारद्वाज केस में दिए निर्देशों का पालन नहीं किया गया है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट भर्ती प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2024 में दो उम्मीदवारों को सूचना आयुक्त पद के लिए पहले अयोग्य माना गया। लेकिन मात्र छह महीने के भीतर उन्हें योग्य घोषित कर सूचना आयोग में चयनित कर लिया गया।

### ट्रक और माजदा की टक्कर में 2 की मौत

**कोंडागांव, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कोंडगांव जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है, यहां फरसगांव के पास ह॥-30 स्थित चिचाड़ी पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और माजदा वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई, हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 घायल बताए जा रहें है।

जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त माजदा में सवार 5 से ज्यादा मजदूर बुरी तरह फंस गए। इनमें से 2 मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर पहुंची फरसगांव पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे मजदूरों और शवों को बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

### सेना के जवान के साथ लाखों की धोखाधड़ी

**बालोद, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आर्मी जवान के साथ ठगी का मामला सामने आया है. अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम ओडारसकरी निवासी जवान गुंडरदेही स्थित एक निजी बैंक में 2 लाख रुपये के लोन के लिए आवेदन करने पहुंचा था. आरोप है कि बैंक में पदस्थ कर्मचारी रेखराम साहू ने हेरफेर करते हुए 2 लाख की जगह 17 लाख रुपये का लोन सैंक्शन करवा दिया. जैसे ही जवान के खाते में लोन की राशि आई, आरोपी ने किसी अन्य खाते में 15 लाख 50 हजार ट्रांसफर करवा लिए. जवान की पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में है. बैंक से लोन की किस्त जमा करने के लिए दबाव आया तब जाकर ऑर्मी जवान को पता चला कि उन्होंने 2 लाख का लोन लेने आवेदन किया है. लेकिन उनके नाम से 17 लाख का लोन निकाल लिया गया है. ठगी होने की जानकारी पर ऑर्मी जवान ने गुंडरदेही थाने पहुंचकर शिकायत दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गुंडरदेही टीआई नवीन बोरकर ने बताया कि आर्मी जवान के साथ ठगी का मामला संज्ञान में आया है. प्राइवेट बैंक के रेखराम साहू के खिलाफ धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भी रूस से तेल की खरीद रहेगी जारी

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** अमेरिका ने हाल ही में रूसी तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों को एक बार फिर लागू कर दिया है। इसके साथ ही रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की मिली छूट खत्म हो गई है। हालांकि भारत इसके बाद भी रूस से कच्चे तेल और एलपीजी की खरीद जारी रखेगा। भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने साफ कहा है कि भारत की ऊर्जा आयात नीति पूरी तरह उसका अपना फैसला है और यह अमेरिकी प्रतिबंधों पर निर्भर नहीं है। मिंट ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि भले ही अमेरिका ने इस छूट को आगे नहीं बढ़ाया है, भारतीय रिफाइनरियां पहले की तरह ही उन कंपनियों और जहाजों से तेल खरीद जारी रखेंगी जो प्रतिबंधों के दायरे में नहीं आते। एक अधिकारी ने बताया कि यह छूट देना या न देना अमेरिका का अधिकार है, लेकिन इससे भारत की नीति तय नहीं होती। उन्होंने कहा, ÷रूस से और एलपीजी खरीदने की कोशिश जारी है। कच्चा तेल और एलपीजी दोनों ही गैर-प्रतिबंधित स्रोतों से आते रहेंगे।

### सरकारी रिफाइनरियों ने बढ़ाई खरीद

रिपोर्ट के अनुसार, बीते महीनों में सरकारी रिफाइनरियों द्वारा रूस से आयात में 148 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। इसकी वजह बाजार में रूसी तेल की मात्रा में हुई बढ़ोतरी है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत हर संभव स्रोत से ऊर्जा खरीदने की रणनीति पर काम कर रहा है। बता दें कि यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा समुद्री खरीदार बन गया था। हालांकि पिछले साल अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण स्थिति बदली थी। अब ईरान युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने के बाद हालात फिर बदल गए हैं और भारत ने रूस से तेल की खरीद बढ़ाई है।

### अमेरिका ने खत्म की छूट

इससे पहले अमेरिका ने रूसी और ईरानी तेल की खरीद पर दी गई 30 दिन की छूट भी खत्म को खत्म करने का ऐलान किया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने संकेत दिया है कि वह आर्थिक सख्ती बढ़ाने की तैयारी में है और उन देशों पर भी अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है जो ईरान का समर्थन करते हैं। हालांकि, रूस से तेल खरीद को लेकर उसने सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा।

### कितना तेल खरीद रहा भारत

आंकड़ों की बात करें तो मार्च 2026 में भारत ने रूस से रोजाना औसतन 19.8 से 20.6 लाख बैरल तेल का आयात किया, जो 2023 के बाद सबसे ज्यादा है। इससे पहले 2023-24 में भारत के कुल तेल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी 35.9 प्रतिशत रही थी। 2024-25 में भी यह लगभग 35.8 फीसदी रही। वहीं मार्च 2026 में चीन के बाद भारत रूसी ऊर्जा का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा है और देश ने करीब 5.8 अरब यूरो का आयात किया।

### भारत ने बता दी है अपनी स्थिति

इससे पहले भारत ने कई मौकों पर यह स्पष्ट किया है कि भारत अपनी तेल जरूर को पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। बीते दिनों तेल मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा है कि भारत की प्राथमिकता घरेलू मांग को पूरा करने के लिए जरूरी ऊर्जा को जुटाना है। उन्होंने बताया कि कच्चा तेल खरीदने का फैसला तकनीकी और व्यापारिक आधार पर लिया जाता है, यानी जो तेल रिफाइनरी के लिए उपयुक्त और सस्ता होगा, वही खरीदा जाएगा।

**मौसम** | स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को जरूरी दवाइयों का स्टॉक रखने के दिए निर्देश

# गर्मी बढ़ी, प्रदेश में येलो अलर्ट जारी



**रायपुर, 17 अप्रैल।** प्रदेश में गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच मौसम विज्ञान विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लू लगने और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाएगा. इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग भी मौसम में बदलाव के साथ होने वाली बीमारियों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है.

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि सीएमएचओ की बैठक में मौसमी बीमारी के साथ साथ मौसम परिवर्तन को लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया है. सभी जगह ठंडे पानी की व्यवस्था के साथ खराब पंखा, कूलर, एससी को ठीक करने निर्देश दे दिए गए हैं. लू लगने और अन्य बीमारियों की आशंका के बीच उपचार के लिए जरूरी दवाइयों के स्टॉक के साथ ही पूरी तैयारी करने निर्देश जारी कर दिए गए है.

बढ़ती गर्मी का असर आम जनजीवन पर नजर आने लगा है. तेज धूप और लू के थपेड़ों की वजह से दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, राजनांदगांव में सर्वाधिक 43.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है. राजधानी रायपुर भी गर्मी की चपेट में है, जहां पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया है. वहीं माना में 42.5, बिलासपुर में 42.8, जगदलपुर में 40, पेंड्रा रोड में 39.9 और अंबिकापुर में 39.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है.


गृह मंत्रालय भारत सरकार
सत्यमेव जयते

हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

CBC 19108/13/0022/2627

# जल संकट पर तकनीकी व्याख्यान में संरक्षण के उपायों पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 अप्रैल।** द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा विगत दिनों भूजल स्तर में लगातार गिरावट को देखते हुए कुओं का पुनर्भरण- भूजल संकट का समाधान विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एफएसएनएल के प्रबंध निदेशक सुनील दीक्षित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अभियंता पुनीत चौबे, अध्यक्ष, आईईआई के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व जल संरक्षण के उपायों को अपनाने पर जोर दिया। अपने संबोधन में जीईसी-एनआईटी रायपुर एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चितलांगिया ने कहा कि दो प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थाओं का यह संयुक्त प्रयास तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता जल संसाधन विभाग के पूर्व अधीक्षण अभियंता जी. डी. रामटेके ने अपने व्याख्यान में कुओं के पुनर्भरण की तकनीक को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि वर्षा जल को संरक्षित कर पुनर्भरण कुओं के माध्यम से भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है। मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज हित से जुड़े विषयों पर इस प्रकार की तकनीकी चर्चाएं व्यावहारिक समाधान खोजने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में कैलाश धर दीवान, वी. के. कास्सू, डॉ. विपिन दुबे, अभियंता के. के. वर्मा, प्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में आईईआई सदस्य एवं एलुमनी उपस्थित रहे। संचालन कोमल पारख ने किया तथा अंत में डॉ. के. के. घोष ने आभार व्यक्त किया।

## पीलिया प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति

**भिलाई, 17 अप्रैल।** क्षेत्र में पीलिया के मामलों में वृद्धि को देखते हुए निगम प्रशासन सतर्क हो गया है। ज़ोन क्रमांक 05 के अंतर्गत सेक्टर 07 में लगातार नए मरीज मिलने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। निगम द्वारा प्रभावित इलाकों में नियमित रूप से पानी टैंकर के माध्यम से स्वच्छ जल आपूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही क्षेत्र के समीप स्थित वाटर एटीएम में भी साफ पेयजल उपलब्ध कराया गया है, जिसका उपयोग स्थानीय नागरिक कर रहे हैं।

# नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने वार्ड-1 में घर-घर पहुंच कर दिया स्वच्छता जागरूकता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 अप्रैल।** स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा की संकल्प को साकार करने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी स्वयं मैदान में उतरकर वार्ड क्रमांक 01 (रामनगर) में डोर-टू-डोर स्वच्छता संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अपनी पालिका टीम के साथ घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, सभापति अजय ठाकुर, बिहारी राम धुर्वे, दुर्गेश अवस्थी, पार्षद डोनेश ठाकुर, योगेश चन्द्रवंशी, सुनील साहू, संजीव कुर्रे, विधायक प्रतिनिधि गोलू यादव, स्वच्छता प्रभारी लियाकत अली, पीआईयू होमेश मानिकपुरी, राकेश ठाकुर सहित अधिक संख्या में स्वच्छता दीदी उपस्थित थे

## एक नजर

### मोबाइल टावर वायर चोरी,3 गिरफ्तार



**भिलाई, 17 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई मोवाइल टावर से केवल वायर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को जामगांव आर थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त उपकरण एवं चोरी किया कॉपर केबल वायर जब्त किया है वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है जामगांव आर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी वरुण कुमार चंद्राकर निवासी इंदिरा नगर उतई जो इंडस मोबाइल टावर में सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने साथियों के साथ ग्राम गुढ़ियारी स्थित मोबाइल टावर की जांच के लिए गया था वहां अज्ञात ने टावर में लगे लगभग 20 मीटर केबल वायर (कीमत लगभग 12,000) को काटकर चोरी कर लिया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामगांव आर में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान ग्राम गुढ़ियारी मसाला चौक में संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ में आरोपियों गौरव विश्वकर्मा (23 साल ) निवासी स्टेशन मरोदा, शिव बंजारे (22 साल ) निवासी ग्राम निवाई थाना नेवई व एक नाबालिग ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया कॉपर केबल वायर एवं घटना में प्रयुक्त कटर बरामद कर जब्त किया गया ।

### बदमाश के जन्मदिन में शामिल आरक्षक निलंबित



**भिलाई, 17 अप्रैल (तछसं.)।** दुर्ग जिले में एक जिलाबदर बदमाश के जन्मदिन समारोह में शामिल होने वाले छावनी थाना में पदस्थ पुलिस आरक्षक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया वीडियो सामने आने के बाद दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल कार्रवाई करते हुए आरक्षक को निलंबित कर दिया है मिली जानकारी के अनुसार थाना छावनी में पदस्थ आरक्षक नितिन सिंह राजपूत का एक वीडियो सामने आया है इस में वह जिलाबदर बदमाश शेख अब्बास खान के साथ केक काटते नजर आ रहा है। इस वीडियो में अब्बास का भांजा भी दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति का जन्मदिन मनाया जा रहा था, उसे पहले ड्रग्स से जुड़े मामले में पुलिस ने जेल भेजा था अपराधी के साथ पुलिस आरक्षक के साथ केक काटने का वीडियो वायरल होने के बाद इसे पुलिस ने गंभीरता से लिया दुर्ग के डीआईजी विजय अग्रवाल ने लिखित आदेश जारी कर आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया आदेश में कहा गया है कि प्रथम दृष्ट्या यह साफ है कि आरक्षक का आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मेलजोल है, जो कि संदिग्ध आचरण की श्रेणी में आता है। वीडियो के वायरल होने पर अब पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं आदेश में इस बात का भी उल्लेख है कि इस तरह का कृत्य पुलिस का अपराधियों के साथ मेलजोल और संदिग्ध आचरण पुलिस विभाग की छवि को खराब करता है। पुलिस विभाग ने इसे अनुशासनहीनता और आपराधिक तत्वों से अनुचित संबंध का मामला मानते हुए आरक्षक को निलंबित कर रक्षित केंद्र दुर्ग अटैच कर दिया है आदेश में यह भी उल्लेख किया गया ।

# कुण्डा में एक वृहद संगोष्ठी का आयोजन करके धूमधाम से मनाई गई भीमराव अंबेडकर जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 अप्रैल।** भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जन्म जयन्ती भारतीय जनता पार्टी मंडल कुण्डा में एक वृहद संगोष्ठी का आयोजन करके मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत के सभापति रामकुमार भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बाल मुकुंद चंद्रवंशी, कार्यक्रम में मण्डल संयोजक सदस्य जिला कार्यकारिणी संतोष चंद्रवंशी, सह संयोजक मण्डल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, कार्यक्रम के शक्तिकेन्द्र प्रभारी सेवाराम कुर्रे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जिला कार्यकारणी सदस्य रामस्वरूप साहू, पूर्व जिला मंत्री सुरेश दुबे, कृष्णा चंद्राकर जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित कर पूर्व जिला पंचायत व सभापति जिला पंचायत रामकुमार भट्ट ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय इतिहास के एक महान व्यक्तित्व है जिन्होने समता स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित भारतीय संविधान की रचना कर भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को सुदृढ़ आधार प्रदान किया उन्होनें दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और शिक्षित बनों, संगठित रहों, संघर्ष करों का मूल मंत्र दिया जो आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है। भट्ट ने आगे कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भारत के लिए केवल स्मरण ही नही बल्कि सामाजिक न्याय समरस्ता समानता व मानव अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबंद्धता का प्रतिक है, भट्ट ने बाबा साहब के प्रसिद्ध वाक्य का हवाला देते हुए कहा कि ज्ञान ही मनुष्य को स्वत्रंत बनाती है आज के दिन हमें उनके आदर्शो का अनुशण करते हुए उनके बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए ताकि हम एक समानता न्याय और बंधुत्व वाले विकसित भारत का निर्माण कर सके। कार्यक्रम में साहेबलाल सोनवानी बूथ अध्यक्ष, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष बबली साहू, मण्डल उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा प्रताप सेन, किसान मोर्चा मंत्री शशांक शर्मा, पंचगण पन्ना साहू, लव साहू, भागवत साहू, रामनाथ चंद्राकर सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहें।

## समाचार संक्षेप

### अनन्या का सुयश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 अप्रैल।** अनन्या साहू ने सी बी एस ई द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 98.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होकर ग्राम नांदल का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है अनन्या ग्राम नांदल निवासी डॉ प्रमोद साहू एवं डॉ वंदना साहू की सुपुत्री है। अनन्या के पी एस कमल विहार रायपुर की छात्रा है।साहू परिवार नांदल का गौरव बढ़ाने पर बधाई देने वालों में डॉ मिलाप राम साहू, माधो राम साहू पूर्व एन टी, लखन लाल साहू प्राचार्य, डॉ कपिल, पुष्पा,डॉ संजय ,तृप्ति साहू, डॉ चैतन्य, लक्ष्मी साहू, जितेंद्र,प्रीति हिमांचल डी सी, सृष्टि साहू, डॉ.आकाश ,अभिषेक,आकांक्षा आदि हैं।

### कनक मिश्रा ने मेहनत से हासिल की शानदार सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 अप्रैल।**कवर्धा की मेधावी छात्रा कनक मिश्रा ने सीबीएसई कक्षा दसवीं की परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की छात्रा कनक , पत्रकार संजीव मिश्रा और अनुराधा मिश्रा की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे जिले में खुशी का माहौल है।कनक का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और कठिन विषयों का लगातार अभ्यास उनकी सफलता का आधार रहा। परिवार और शिक्षकों के सहयोग ने उन्हें हर कदम पर प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी सफलता को अनुशासन, मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य का परिणाम बताया। कनक की यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है।

### सुबह से ही लक्की चंद्रवंशी को फोन पर जन्मदिन की बधाइयों का तांता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 अप्रैल।** भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी को सुबह से ही फोन पर एवं उनके निवास पर पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर जन्मदिन की बधाई देने वालो का तांता लगा रहा । बधाई संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने कहा की दिल से हार्दिक आभार करता हूं । राजकुमार तिवारी , सतीश चंद्रवंशी,आनंद चंद्रवंशी , रूपेश चंद्रवंशी , सुखनंदन चंद्रवंशी ,घनश्याम गुप्ता , शनि चंद्रवंशी एवं समस्त मित्रो ने जन्मदिन की बधाई देते हुये कहा की आप जियो हजारों साल ।

### जुनवानी से खमरिया तक नहर की सफाई करवाई की जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा ज़ोन-1, वार्ड-1 जुनवानी से खमरिया तक नहर की व्यापक सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नहर से निकले कचरे को जेसीबी एवं डंपर की सहायता से व्यवस्थित रूप से उठाया जा रहा है, ताकि जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे और गंदगी से उत्पन्न समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। नहर की सफाई से आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता का वातावरण भी सुनिश्चित हो रहा है।

### सीबीएसई 10वीं में बीएसपी स्कूलों का शानदार प्रदर्शन

**भिलाई, 17 अप्रैल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित ऑल इंडिया सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन (कक्षा 10वीं) 2025-26 के परिणामों में बीएसपी विद्यालयों से कुल 308 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 97.40 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सेक्टर-10 स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए सभी 240 विद्यार्थियों को सफल बनाया, जिनमें 177 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। विशेष उपलब्धि के रूप में एसएसएस-10 के 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। मेधावी विद्यार्थियों में नलिनी डडसेना 97.40 प्रतिशत, दिव्या मिश्रा 96.80 प्रतिशत, भास्कर सिदार 96.20 प्रतिशत, तनिष कुमार साहू 96.20 प्रतिशत एवं शोहम साहू 96 प्रतिशत प्रमुख रहे। इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं सेक्टर-7 स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम 88.24 प्रतिशत रहा, जिसमें 68 विद्यार्थियों में से 07 ने प्रथम श्रेणी हासिल की। कुल मिलाकर 308 में से 264 विद्यार्थी सफल रहे, जिनमें 184 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की।

# संभागायुक्त,कलेक्टर,निगम आयुक्त ने नेहरू नगर का निरीक्षण कर अफसरों को दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 अप्रैल।** संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान कोसा नाला, राधिका नगर का रिक्त भूखण्ड, सब्जी मंडी तथा खेल परिसर का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान राधिका नगर स्थित कोसानाला में रिटर्निंग वाल निर्माण का संयुक्त निरीक्षण किया गया। नाले में जलकुंभी पाए जाने पर अधिकारियों को बरसात से पूर्व सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि वर्षा के समय जलभराव की स्थिति न बने। आकाशगंगा सब्जी मंडी में बढ़ती भीड़ और पार्किंग की समस्या को देखते हुए सुपेला थाना के पीछे स्थित रिक्त भूमि का भी निरीक्षण किया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से सब्जी मंडी को उक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इस दौरान व्यापारियों की समस्याएं भी सुनी गईं। इसके अतिरिक्त प्रियदर्शिनी परिसर स्थित खेल परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया और कार्य को निर्धारित ले-आउट के अनुसार करने के निर्देश दिए गए। रेलवे लाइन के किनारे प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का भी अवलोकन कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा गया।

## रंगदारी की शिकायत पुलिस से

**भिलाई, 17 अप्रैल।** भिलाई पावर हाउस स्थित एसबीएस अस्पताल प्रबंधन से रंगदारी कर पांच लाख रुपए का डिमांड करने की शिकायत गुरुमीत सिंह वाधवा के खिलाफ छावनी थाने में की थी अस्पताल के मैनेजर वार्ड - 7 कुरुद रोड साकेत नगर कोहका निवासी निर्मल सिंह ने शिकायत किया है कि सुंदर नगर भिलाई निवासी गुरुमीत सिंह वाधवा उनके अस्पताल में एक बीमारी का इंजेक्शन लगवाने आता था गुरुमीत ने इलाज का बिल आज तक नहीं दिया और उस बिल को फर्जी बताते हुए अस्पताल प्रबंधन से 5 लाख रुपए की डिमांड करने लगा रकम देने से मना करने पर गुरुमीत सिंह वाधवा ने गाली गलौज कर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी गुरुमीत पर आरोप है वह स्वयं को मीडिया कर्मी बताकर धमकी दिया करता है पुलिस मामले की जांच कर रही है यह भी है आरोप यह भी आरोप है कि गुरुमीत वाधवा ने 28 नवंबर 2025 को छग के मुख्य सचिव विकास शील गुप्ता को पत्र देकर कहा था ।

# बेबे नानकी के प्रकाश पर्व पर कई जगह स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अप्रैल।** खुर्सीपार गुरुद्वारा में बेबे नानकी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे पहुंचकर कीर्तन में भाग लिया, मत्था टेका तथा देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर यूथ सिख सेवा समिति एवं छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया गया। इनमें नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण, रक्तदान शिविर एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर शामिल रहे। इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाजसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र यादव की उपस्थिति रही। इसके साथ ही यूथ सिख सेवा समिति एवं छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## रिसाली में पेवर ब्लॉक कार्य का महापौर शशि ने किया भूमिपूजन

**रिसाली,17 अप्रैल।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 लक्ष्मी नगर स्थित सतनाम भवन परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का गुरुवार को महापौर शशि सिन्हा द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस कार्य के लिए महापौर निधि से 1 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जा रहा है और उन्हें शीघ्र मूर्त रूप देने के लिए लगातार भूमिपूजन एवं कार्यारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य संजू नेताम सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व विरासत दिवस पर 10 राज्यों की लोक कथाओं की प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 अप्रैल।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) द्वारा लोक कथा-कथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के 10 राज्यों से जुड़े लोक भाषा के जानकार साहित्यकारों ने 12 लोक कथाओं का रोचक प्रस्तुतीकरण किया। मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित कथाकार गुलबीर सिंह भाटिया ने अपने उद्बोधन में लोक कथाओं के साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक कथाएं आज के कथा साहित्य की जननी हैं। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान कहानी साहित्य लोक कथाओं की मजबूत नींव पर खड़ा है और इस विरासत को सहेजना अत्यंत आवश्यक है। प्रारंभ में इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय की संयोजिका डॉ. हंसा शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लोक कथाओं को अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर बताया। संचालन करते हुए शिक्षाविद डॉ. डी. एन. शर्मा ने कहा कि हजारों वर्षों पुरानी लोक कथाएं हमारी अमूर्त विरासत हैं, लेकिन नई पीढ़ी मोबाइल और सोशल मीडिया में व्यस्त होकर इनसे दूर होती जा रही है। वरिष्ठ साहित्यकार परदेसी राम वर्मा ने छत्तीसगढ़ी लोककथा करिया मुसवा पंडरा मुसवा प्रस्तुत की। कवयित्री संतोष झांझी ने पंजाबी लोककथा रजनी, विद्या गुप्ता ने निमाड़ी कथा राजा भरथरी तथा कवि शरद कोकास ने मराठी लोककथा बट्टे की खीर का एकल अभिनय किया। इसी तरह जोस एंथोनी ने मलयालम कथा गोरा खरगोश, शिवनाथ शुक्ल ने सुख की मुरली दुख की मुरली, गोविंद पाल ने बंगाली लोककथा, केशव शर्मा ने राजस्थानी लोककथा वचन के पक्के, रविंद्र साहू ने उड़िया कथा ठगराज तथा सुश्री डी. नागमणि ने तेलुगु लोककथा गोविंदा गोविंदा प्रस्तुत की। डॉ. डी.पी. देशमुख ने छत्तीसगढ़ी कथा मारे मुसुवईन ला तथा प्रीति अजय बेहरा ने अगहन बृहस्पति लोककथा का कथन किया। कार्यक्रम में प्रदीप भट्टाचार्य, डॉ. पी.सी. पंडा, महेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र राव, बी. पोलम्मा, सहदेव देशमुख, शानू मोहनन, रविंद्र खंडेलवाल, कांतिभाई सोलंकी, विश्वास तिवारी, जगमोहन सिन्हा, सरस्वती सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

# जनगणना में पहली बार स्वयं ऑनलाइन जानकारी भरने की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,17 अप्रैल।** जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 16 अप्रैल से स्व गणना शुरू हो गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज सुबह निर्धारित पोर्टल से अपना स्व गणना पत्रक ऑनलाइन भरा।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े किसी योजना के हितग्राहियों की पात्रता के लिए नहीं बल्कि कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं।

बताया गया कि शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आसान एवं सरल प्रक्रिया के तहत स्व गणना भरने की सहूलियत दी गई है। घर का मुखिया इस फार्म को भर सकते है। एक मोबाइल से केवल एक ही स्व गणना फार्म भरा जा सकता है। यह फॉर्म सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। इससे एक आई डी प्राप्त होगा जिसे प्रगणक घर आने पर बताना होगा। यदि स्व गणना फॉर्म नहीं भर पाते तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक घर आकर जानकारी लेंगे।जिले में जनगणना के लिये 1996 प्रगणकों एवं 300 सुपरवाइजर क़ी ड्यूटी लगाई गई है।

प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना- -भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा।जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर ÷ष्टद्गठ्ठह्यह्वह्य 2027-॥रुस्न÷ मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। ग्राम व नगर रजिस्टर का प्रारूप व विषय वस्तु, ग्रामीण व नगरीय चार्ज रजिस्टर, प्रगणक, पर्यवेक्षकों व चार्ज अधिकारियों के कार्य, पर्यवेक्षण व कानूनी शक्तियां इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।नागरिकों को स्व-गणना का अवसर प्रदान किया गया है। एसई वेब पोर्टल द्धह्लह्लश्चः//ह्यद्ग.ष्ठद्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्बठ्ठ के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कोई भी व्यक्ति जनगणना संबंधी निर्धारित बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकता है।

## एक नजर

### सहायक शिक्षक के 2292 पदों पर की जाएगी भर्ती, परीक्षा 11 अक्टूबर प्रस्तावित

**बलौदाबाजार 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री, श्री विष्णु देव साय द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कुल 5000 शिक्षकीय पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसी क्रम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सहायक शिक्षक के 2292 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया जा रहा है। इन पदों में से 795 पद ई-संवर्ग की शालाओं तथा 1497 पद टी-संवर्ग की शालाओं में भरे जाएंगे। उक्त पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा एवं अन्य शर्ते विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित रहेंगी। लोक शिक्षण संचालनालय के उपसंचालक श्री अशोक नारायण बंजारा ने बताया कि विस्तृत विज्ञापन छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट एवं स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा तथा भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम भी व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इन पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा किया जाएगा, जिसकी संभावित तिथि 11 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि संबंधी जानकारी व्यापम द्वारा पृथक से जारी की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप व्याख्याता एवं शिक्षक के पदों पर भर्ती हेतु पृथक से विज्ञापन भी जारी किए जाएंगे।

### मादा गौर शिकार मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनपरिक्षेत्र अर्जुनी में अक्टूबर माह में घटित मादा गौर शिकार प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया गया है।इसके पश्चात उन्हें जेल दाखिल किया गया। प्रकरण में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत गंभीर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के पश्चात से ही वन विभाग द्वारा सतत निगरानी, मुखबिर तंत्र की सक्रियता एवं विशेष गश्त के माध्यम से आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। निरंतर प्रयासों एवं प्रभावी रणनीति के फलस्वरूप दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। इस कार्रवाई द्मश्ठ्ठप्रशिक्षु सहायक वनसंरक्षक गुलशन कुमार साहू, परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी, सुश्री रुपेश्वरी दीवान, पार्थ शर्मा तथा बीट अधिकारी ललित कुमार वर्मा, भानुप्रताप आज़ाद एवं श्री संदीप माथुर की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

### अवैध शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 16.04.2026 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा रिसदा रोड बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?12,800 कीमत मूल्य का 128 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी क्र. ष्टत्र22८॥ 6543 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

### मारपीट करने वाला एवं विधि से संघर्षरत बालक गिरफ्तार

**राजनांदगांव 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने दोस्त के साथ चिखली से शंकरपुर जा रहा था कि बजरंग चौक झरना के पास आरोपी अमन डोंगरे , विधि से संघर्षरत बालक तथा 01 अन्य आरोपी के साथ पुरानी रंजीश को लेकर गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से लकड़ी के डण्डा से मारपीट कर प्रार्थी के दोस्त को चाकू से वार कर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर धारा 296,351(2), 115(2),109(1),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण क़ी दिशा में ऐतिहासिक कदम : राजस्व मंत्री

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भव्य पदयात्रा,हस्ताक्षर के जरिये दिया अपना समर्थन
- उत्कृष्ट कार्य के लिये महिलाएं हुई सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 17 अप्रैल।** जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नारी शक्ति शामिल होकर अपना समर्थन दिया। इस अधिनियम को लोकसभा में लाने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए स्वर्णिम अक्षरों में लिखने क़ी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी ने महिलाओं के सम्मान एवं स्वाभिमान को सर्वोपरि रखते हुए इस अधिनियम को लागू कर रहे है। यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण क़ी दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। इस अधिनियम के लागू होने से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा जिससे उनके राजनीति में आने के सपने पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और सर्वोच्च पद पर पहुंच रही है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पना को पुरा करेंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी ने महिलाओं के संघर्ष को समझते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लाये हैं। यह अधिनियम नारी सम्मान को बहुत ऊँचा ले जाएगा। इस अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री का आभार।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं का राजनीति में आने के सपने को साकार करेगा। परिवार से सांसद एवं विधायक बनेंगे। जिस समाज में महिला आगे रहती है वह समाज हमेशा आगे बढ़ता है। अधिवक्ता एवं समाज सेवी सोनल केशरवानी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में प्रस्तुत करने से लेकर उसके प्रावधानों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला वहीं महतारी वंदन योजना के हितग्राहियो ने भी अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर राजस्व मंत्री सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियो एवं महिलाओं ने हस्ताक्षर के जरिये नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया। इसके साथ ही खेल, समाज सेवा, जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। भव्य एवं जनजागरूकता से भरपूर पदयात्रा-इसके पूर्व स्थानीय पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल प्रांगण से जिला पंचायत कार्यालय तक एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करते हुए जन जागरूकता का सन्देश दिये। इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सुनीता यादव,नीलम सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित थीं।

## एसएनसीयू बना नवजातों का सहारा,780 ग्राम के बच्चे को मिला जीवनदान



- जिला अस्पताल में नवजातों को मिल रही नई जिंदगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 17 अप्रैल।** जिला अस्पताल द्वारा संचालित मातृ-शिशु अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल की जा रही है। यहां संचालित स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू ) नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे परिजनों को हायर सेंटर या निजी अस्पतालों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। अस्पताल में नवजातों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

हाल ही में एक जटिल मामले में समय से पहले जन्मे मात्र 780 ग्राम वजन के शिशु को डॉक्टरों की सतत निगरानी और एसएनसीयू में विशेष देखभाल के जरिए जीवनदान मिला। करीब 68 दिनों तक उपचार के बाद शिशु का वजन बढ़कर 1 किलो 300 ग्राम हो गया, जिसके बाद उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि सितंबर 2022 से शुरू हुए एसएनसीयू में अब तक सैकड़ों नवजात शिशु स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। वहीं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रोशन देवांगन ने बताया कि पिछले दो वर्षों में समय से पूर्व जन्मे 11 गंभीर नवजातों को विशेष देखभाल से पूरी तरह स्वस्थ किया गया है। जिला अस्पताल की इस पहल से न केवल शिशु मृत्यु दर में कमी आ रही है बल्कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत भी मिल रही है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और आधुनिक सुविधाओं से लैस यह यूनिट जिले के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा केंद्र बनकर उभर रही है।

## नगर निगम ने अटल आवास के पीछे बनाए गए अवैध निर्माण को तोड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 अप्रैल।** शहर में अवैध निर्माण के अलावा अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर समझाईस देकर तोडने एवं हटाने की कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण दस्ता आज केशर नगर अटल आवास के पीछे अवैध निर्माण तोड, शंकरपुर पानी टंकी के पास अवैध होडिंस बोर्ड हटाने के अलावा सृष्टि कालोनी में पाईप लाईन क्षतिग्रस्त करने पर केबल वायर जप्ती की कार्यवाही किए। शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण तथा पसरा हटाने एवं ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर कार्यवाही कर रही है। आज की कार्यवाही में जहॉ केशर नगर में निर्मित अटल आवास के पीछे नाली के उपर अवैध निर्माण से पानी निकासी बंद होने पर उक्त निर्माण तोडा गया, वही शंकरपुर पानी टंकी के पास बिना अनुमति अवैध रूप से लगे होडिंस बोर्ड तोडने की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार सृष्टि कालोनी में पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के पास एयरटेल कम्पनी द्वारा केबल वायर बिछाने के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त करने पर फाईवर केबल वायर की जप्ती की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रणम करने से तथा रोड मे बिल्डिंग मटेरियल रखने से साफ सफाई प्रभावित होती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जावेगा।

## एसडीएम जांच के दौरान कमल सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन्स में मिली खामियां

- कलेक्टर ने सीएसआईडीसी के अधिकारियों को विस्तृत जांच करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतराई स्थित पावर प्लांट में हुए हादसे को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों की लगातार जांच की जा रही है। विगत दो दिनों में 30 से अधिक उद्योगों का निरीक्षण किया जा चुका है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव द्वारा कमल सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कमल सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड में विभिन्न प्रकार की सुरक्षा संबंधी खामियां पाई गईं, जो लापरवाही को दर्शाता है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंधक को कमल सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए। सुरक्षा मापदण्डों एवं आवश्यक सावधानियों में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## मोटरसाइकिल चोरी के मामले में2 आरोपी किए गए गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 17 अप्रैल।** प्रार्थी नेपाल दास मानिकपुरी निवासी वार्ड क्रमांक 05 रोहांसी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 29.03.2026 को उसके मित्र के पुत्र द्वारा उसकी मोटरसाइकिल क्र. ष्टत्र 22स्र 8130 को लेकर बाजार गया था तथा जाते समय मोटरसाइकिल को लॉक किए बिना रोड किनारे खड़ा कर सब्जी खरीदने चला गया। वापस आकर देखा तो मोटरसाइकिल वहां पर नहीं था, आसपास ढूंढने पर मोटरसाइकिल नहीं मिला। उक्त मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 142/2026 धारा 303(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी का पता तलाश प्रारंभ किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों एवं ग्राम्रवासियों से भी पूछताछ किया गया। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि 02 युवक रोहांसी रोड में बहुत देर से खड़े होकर मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में लगे हुए हैं। कि सूचना पर थाना पलारी पुलिस द्वारा तत्काल दबिश देकर विधि से संघर्षरत एक बालक एवं आरोपी राजेश गेंडरे को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी की उक्त मोटरसाइकिल को सब्जी बाजार से चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपियों से चोरी का मोटरसाइकिल ष्टत्र22 स्र 8130 बरामद किया गया है तथा दोनों आरोपियों को आज दिनांक 16.04.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

रोज सुबह किसी न किसी वार्ड का निरीक्षण कर रहे

# आज आयुक्त ने नवागांव व गोलबाजार में साफ-सफाई का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** साफ सफाई का जायजा लेने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे है। अलग अलग क्षेत्रों में जाकर रोज सफाई देख साफ सफाई में जोर देने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करने के साथ साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने तथा नागरिको को स्वच्छता से जोडने स्वास्थ्य अमला को निर्देश दे रहे है। आज उनके द्वारा नवागांव का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने के अलावा गोल बाजार मे सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बाजार में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय निर्माण के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किये।

आयुक्त विश्वकर्मा आज सुबह नवागांव क्षेत्र में साफ सफाई निरीक्षण कर गलियो व सड़को की सफाई के अलावा उद्यान तथा कुँआ के आस पास साफ सफाई रखने कहा। उन्होंने उद्यान में कचरा नही फैलाने तथा कुँआ मे कचरा न डाल आस पास साफ सफाई रखने लोगो को समझाईस देने कहा। उन्होंने सफाई दरोगा से कहा कि वार्ड में सफाई के अलावा उद्यान, कुँआ, तालाब के आस पास की भी सफाई करे, उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर शौचालय की नियमित सफाई के अलावा पानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने संचालक को निर्देशित किए। उन्होंने वार्ड प्रभारी से कहा कि सफाई के साथ साथ अतिक्रमण करने या मटेरियल रखने वालों को समझाईस देवे अपालन पर कार्यवाही करे। गोल बाजार में साफ सफाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि चुकि बाजार भीड भाड वाला इलाका है, जिसे ध्यान मे रखकर यहा सफाई में जोर दिया जाए, फल सब्जी विक्रताओ को कचरा गाडी में डालने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने समझाईस दे। उन्होंने गोल बाजार में निर्माणाधीन अत्याधुनिक शौचालय देख शौचालय के शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर कार्य करने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किए।

### मानसिक रूप से कमजोर महिला को किया गया उसके परिजनों के सुपुर्द

**राजनांदगांव 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमनी बस्ती में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला ग्राम सोमनी बस्ती में भटकते हुए पहूची थी जिसे ग्रामीणो द्वारा डायल 112 में फोन कर थाना सोमनी लेकर आने पर महिला से पुछताछ कर अपना नाम मानकी यादव पति पोखन यादव उम्र 40 साल निवासी ग्राम अमोदी थाना खरोरा बलौदाबाजार भाठापारा की रहने वाली बतायी, हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने पर पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अलेक्जेण्डर कीरो के निर्देशन में उक्त महिला के बताए अनुसार उसके गांव में संपर्क कर उनके परिजनो को सूचित किया गया एवं उसके ससुर त्रिलोकी यादव पिता फेकूराम यादव उम्र 58 साल निवासी ग्राम अमोदी थाना खरोरा जिला रायपुर छ0ग0 को सकुशल सुर्पुदनामें पर दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव, महिला प्रधान आरक्षक राजश्री, महिला आरक्षक ममता टोप्पो, महिला आरक्षक हिमा चंद्राकर, आरक्षक दिनेश वर्मा, मनोज ठाकुर, थाना स्टाफ एवं सखी सेंटर स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जनगणना कार्य में लापरवाही, अनुपस्थित कर्मचारियो को नोटिस

**राजनांदगांव 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ में जनगणना 2026-27 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य 1 मई से 30 मई के मध्य प्रगणको एवं सुपरवाईजरो के द्वारा घर घर जाकर किया जाएगा। उक्त कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए सर्वेश्वरदास स्कूल में 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक एवं दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम चरण के प्रशिक्षण 15 अप्रैल से फिल्ड ट्रेनरो द्वारा दिया जा रहा है। 1 मई से प्रशिक्षण में घर घर जाकर प्रगणक द्वारा मकान,परिवार, बिजली, पानी, वाहन, शौचालय सहित 33 सवाल पुछे जायेगे, इस संबंध में प्रशिक्षको द्वारा प्रगणको व सुपरवाईजरो को विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

## संपादकीय

### हकीकत और दिखावे में होता है बड़ा फर्क

राजनीति में दिखावे का भी बड़ा महत्व है क्योंकि जनता में इसी धारणा तो बनती है कि जो दिख रहा है वह सच है। क्योंकि बहुत सारे लोग जो दिख रहा होता है उसे सच मान लेते हैं। दिखावा पंसद लोग राजनीति में सबसे ज्यादा होते हैं क्योंकि वह होते कुछ है और जनता को दिखाना कुछ रहता है। होते बेईमान है, दिखावा ईमानदार होने का करते हैं, होते धन के लोभी है और दिखावा करते हैं कि उनको धन का मोह नहीं है। राजनीति में आने के बाद परिवार के लोगों का धन बढ़ता है और नेता गरीब होने का या धन न होने का दिखावा करते हैं। पार्टी फंड में कई सौ करोड़ रुपए होते हैं और नेता हवाई चप्पल पहनकर जनता को बताते रहते है कि उसके पास कोई धन नहीं है, राजनीति में आने के पहले जितना धन था सत्ता में आने के बाद भी उनके धन में कोई खास बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। पिता के मुख्यमंत्री बनते ही बेटा बिल्डर बन जाता है,बड़े धंधे करने लगता है। सीएम के परिजनों को सरकारी ठेके मिलने लग जाते हैं। पार्टी के निरंतर सत्ता में रहने पर पार्टी के नेता अमीर हो जाते हैं और पार्टी प्रमुख गरीब बना रहता है, सत्ता मिलने पर पार्टी के पास बहुत पैसा आ जाता है और पार्टी प्रमुख गरीब बना रहता है। राजनीति के ज्यादातर नेताओं पर यह कहावत फिट बैठती है कि हाथी के दांत खाने के और होते हैं और दिखाने को और होते हैं। जब चुनाव होते हैं और नेता नामांकन भरते हैं तो यह खबर जरूर आती है कि नेता की संपत्ति कितनी है और वह पहले से कितनी बढ़ी है। ऐसे नेताओं में ममता बैनर्जी की खबर जरूर आती है या प्रकाशित करवाई जाती है कि टीएमसी प्रमुख ममता बैनर्जी की संपत्ति में कुछ बढ़ोत्तरी तो हुई है लेकिन उनके पास आज भी निजी तौर पर कहीं जमीन,घर या गाड़ी नहीं है। उनकी संपत्ति कुछ लाख रुपए है।वह आज भी अपने पैतृक आवास में रहती हैं। उन्होंने आज तक न कोई कर्ज लिया है और न उन पर किसी तरह का बकाया है।सीएम होने के नाते वह कोई वेतन नहीं लेती हैं न ही किसी तरह की वित्तीय सुविधाएं लेती हैं। उनकी जीवनशैली सादगी वाली है। यह दिखने वाला और बताया जाने वाला सच है हकीकत में ममता एक क्रूर तानाशाह नेता हैं। अपने विरोधियों को सख्त सजा देने में यकीन रखती हैं। पिछले दो चुनावों में विरोधियों के साथ ममता के इशारे पर टीएमसी के लोग जिस क्रूरता के साथ पेश आए थे कि उसकी कोई मिसाल देश की राजनीति में नहीं मिलती है। वह खुद को ईमानदार, सादगीपसंद, धन के मोह से मुक्त दिखाने का प्रयास करती हैं लेकिन उनके बड़े नेताओं से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ता कट मनी व कमीशन के लिए बदनाम है। एक ईमानदार नेता तो चाहता है कि उसकी पार्टी के नेता ईमानदार रहे, न वह भ्रष्टाचार करे और न भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम करें। टीएमसी में ऐसा ममता कहां करती है, यह तो दिखता है कि ममता पर कोई भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है लेकिन पार्टी के कई नेताओं पर तो है,उनके शासन में भ्रष्टाचार व राजनीतिक हिंसा की घटनाएं हुई और वह एक मिसाल है। देश की जनता दिखावे की ईमानदारी,गरीबी व धन के मोह से खुद को मुक्त दिखाने वाले नेताओं को पहचानती है और यह भी जानती है कि ईमानदार नेता, धन से मोह से मुक्त नेता कैसा होता है और कौन है। यही वजह है कि जनता चुनाव में भ्रष्ट नेताओं को नकारती है और अच्छे लोगों को चुनने का प्रयास करती है।

# महिला आरक्षण को लेकर मायावती का विरोधियों पर तीखा प्रहार

**विश्लेषण**

**संजय सक्सेना**



महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने के बाद देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले इस कानून ने सभी दलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर दिया है। इसी सिलसिले में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट लिखकर भाजपा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधी चोट की है। उन्होंने कांग्रेस को गिरगिट तक कह डाला है। मायावती का कहना है कि कांग्रेस दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मुद्दों पर दोहरा चरित्र अपनाती रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि देश के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के मामले में कांग्रेस का रिकॉर्ड कभी भरोसेमंद नहीं रहा। मायावती ने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब इन वर्गों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आज महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस इन वर्गों की बात कर रही है लेकिन यह महज राजनीतिक मजबूरी है।

मायावती ने अपने पोस्ट में भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रहते हुए दलितों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करती रही है। समाजवादी पार्टी को भी उन्होंने पिछड़े वर्गों के प्रति उदासीन बताया। बसपा प्रमुख ने चेतावनी दी कि महिला आरक्षण कानून का लाभ एससी एसटी और ओबीसी महिलाओं को मिलना चाहिए अन्यथा यह कानून मात्र दिखावा साबित होगा। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे इन वर्गों की महिलाओं के लिए वास्तविक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

इस खबर को गहराई से समझने के लिए हमें पहले महिला आरक्षण अधिनियम के संदर्भ को देखना होगा। यह कानून 128 संशोधन विधेयक के रूप में 2023 में पारित हुआ था। लोकसभा राज्यसभा और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान इसमें है। लेकिन इसका पूर्ण कार्यान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद होगा जब परिसीमन होगा। इसी बीच मायावती का यह बयान राजनीतिक दलों के बीच आरक्षण के लाभार्थियों को लेकर हो रही बहस को तेज कर रहा है। बसपा हमेशा से दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वोट बैंक पर निर्भर रही है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण निर्णायक होते हैं वहां यह बयान बसपा की रणनीति का हिस्सा लगता है।

मायावती का कांग्रेस पर गिरगिट कहना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद आरक्षण नीतियों को लागू तो किया लेकिन कई बार इसे कमजोर करने की कोशिश भी की। उदाहरण के तौर पर 1990 के मंडल आयोग की सिफारिशों के समय कांग्रेस ने विरोध किया था। वी पी सिंह की सरकार ने ओबीसी आरक्षण लागू किया तो कांग्रेस ने इसे अदालत में चुनौती दी। मायावती का इशारा इसी ओर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में रहते हुए एससी एसटी को प्रमोशन में आरक्षण देने से कतरा गई। 2006 में प्रमोशन में आरक्षण बिल लाने की कोशिश हुई लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। आज जब महिला आरक्षण आया तो कांग्रेस एससी एसटी ओबीसी महिलाओं के कोटे की बात कर रही है जो पहले कभी नहीं उठाई। यह राजनीतिक उलटफेर मायावती को चुभ रहा है।



भाजपा पर मायावती का हमला भी कम तीखा नहीं है। भाजपा ने महिला आरक्षण बिल पास कराया लेकिन इसमें एससी एसटी ओबीसी के उप कोटा का जिक्र नहीं है। विपक्ष ने इसे लेकर आपत्ति जताई थी। मायावती का कहना है कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर दलितों के खिलाफ अत्याचारों को नजरअंदाज करती है। उत्तर प्रदेश में बसपा शासनकाल में मायावती ने दलितों के लिए कई योजनाएं चलाईं लेकिन अब वे कहती हैं कि भाजपा ने उन सबको उलट दिया। समाजवादी पार्टी पर भी उन्होंने चोट की जो यादव और मुस्लिम वोट पर केंद्रित है। सपा को पिछड़ों का ठेकेदार बताते हुए मायावती ने कहा कि यह दल अन्य पिछड़ों की अनदेखी करता है।

इस बयान का राजनीतिक संदर्भ गहरा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में झटका लगा था। नरेंद्र मोदी की लहर के बावजूद सपा और कांग्रेस गठबंधन ने 43 सीटें जीतीं। बसपा मात्र एक सीट पर सिमट गई। अब 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। मायावती जानती हैं कि महिला आरक्षण बहस में दलित महिलाओं का मुद्दा उठाकर वे अपना वोट बैंक मजबूत कर सकती हैं। बसपा का कोर वोटर जाटव समुदाय है जो एससी का बड़ा हिस्सा है। मायावती का यह पोस्ट दलित युवाओं को लामबंद करने का प्रयास है।

कांग्रेस की स्थिति भी कमजोर नहीं है। राहुल गांधी ने हाल ही में जाति जनगणना की मांग उठाई है। वे कहते हैं कि महिला आरक्षण में एससी एसटी ओबीसी का उपकोटा जरूरी है। लेकिन मायावती इसे दिखावा मानती हैं। कांग्रेस का इतिहास देखें तो नेहरू काल में आरक्षण को अस्थायी बताया गया था। इंदिरा गांधी ने इसे मजबूत किया लेकिन सोनिया राज में भी प्रमोशन आरक्षण टला रहा। आज प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं और दलित मुद्दों पर बोलती हैं लेकिन मायावती को भरोसा नहीं। गिरगिट वाली टिप्पणी इसी अविश्वास को दर्शाती है।भाजपा का पक्ष भी देखा जाए तो उन्होंने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी सरकार ने एससी एसटी एक्ट को मजबूत किया। लेकिन मायावती के आरोप सत्ता के दुरुपयोग के हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार पर दलित अत्याचार के मामले बढ़ने का इल्जाम लगता है। बसपा इसे भुनाने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने भी महिला आरक्षण पर उपकोटा की बात की लेकिन मायावती उन्हें भी निशाने पर ले रही हैं।

महिला आरक्षण का असली सवाल लाभार्थी कौन होंगे। कुल सीटों का एक तिहाई महिलाओं को मिलेगा लेकिन एससी एसटी ओबीसी का अनुपात क्या होगा। संविधान में एससी के लिए 15 प्रतिशत एसटी के लिए 7.5 और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण है। लेकिन विधानसभाओं में यह लागू नहीं होता। लोकसभा में एससी एसटी सीटें आरक्षित हैं लेकिन ओबीसी नहीं। महिला आरक्षण में उपकोटा न होने से सामान्य वर्ग की महिलाओं को फायदा हो सकता है। मायावती इसी डर से चिंतित हैं। वे चाहती हैं कि दलित पिछड़ी महिलाओं को अलग कोटा मिले। इस बहस से देशव्यापी प्रभाव पड़ेगा। बिहार झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में जातिगत समीकरण उलट सकते हैं। बिहार में नीतीश कुमार ने ओबीसी सर्वे कराया जो कांग्रेस भाजपा को असहज कर रहा है। मायावती का बयान बहुजन समाज को एकजुट करने का संदेश दे रहा है। बसपा अकेली पार्टी है जो दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों को एक मंच देती है।

मायावती की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। 1995 में वे पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। 2007 में बसपा ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत हासिल किया। लेकिन उसके बाद पार्टी का ग्राफगिरा। 2019 और 2024 में हार ने उन्हें सोचने पर मजबूर किया। अब वे सोशल मीडिया का सहारा ले रही हैं। एक्स पर उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा। यह डिजिटल युग की राजनीति का उदाहरण है। कांग्रेस का जवाब क्या होगा। पार्टी ने अभी चुप्पी साधी है लेकिन जल्द बयान आएगा। भाजपा प्रवक्ता भी इसे खारिज करेंगे। सपा ने भी प्रतिक्रिया दी होगी। लेकिन मूल मुद्दा वही है आरक्षण का विस्तार। क्या संसद में संशोधन होगा। क्या ओबीसी को विधानसभा में आरक्षण मिलेगा। ये सवाल 2029 तक गरमाएंगे।

मायावती का यह प्रहार सियासी दलों को आईना दिखाता है। वे कहती हैं कि वोट के लिए बहुजन समाज का इस्तेमाल होता है लेकिन हितों की रक्षा नहीं। दलित महिलाएं देश की आधी आबादी का हिस्सा हैं। शिक्षा रोजगार और राजनीति में उनकी भागीदारी कम है। महिला आरक्षण इसे बदल सकता है लेकिन उपकोटा जरूरी है। इस पूरे घटनाक्रम से साफ है कि महिला आरक्षण मात्र कानून नहीं बल्कि सियासी हथियार बन गया है। मायावती ने इसे बहुजन आंदोलन से जोड़ दिया। उत्तर प्रदेश में जहां 80 लोकसभा सीटें हैं वहां यह बहस चुनावी परिणाम बदल सकती है। बसपा फिर से उभरने की कोशिश में है। क्या वे सफल होंगी समय बताएगा। लेकिन यह बयान निश्चित रूप से राजनीति को नई दिशा देगा।

# टेढ़े आंगन में खट्टे अंगूर तो होंगे ही

**व्यंग्य**



महान साहित्यकार जमुना लाल जी ने साहित्य में में एक नया शास्त्र को प्रतिपादित कर दिया बहाना-शास्त्र। इसमें विद्वान वही लोग हैं, जो न मंच पर टिक पाए, न पाठकों के दिल में बस पाए, लेकिन आत्मविश्वास ऐसा कि खुद साहित्य के भगवान हों। इनका पहला सूत्र अगर हम सफल नहीं हो सके तो सफलता को ही संदेही घोषित कर दो। जिसने खुद कभी किसी को चाय ऑफर नहीं की हो पर दूसरों के यहां दावत उडाने को तैयार रहते हैं। जमुनालाल जी का परफॉर्मेंस भी इसी तरह का है जो मंच पर सफल नहीं हो पाए पर वो नाक-भौं सिकोड़कर फरमाते हैं कि अब मंच प्रबुद्ध साहित्यकारों के लिए नहीं रहा है और जो मंच पर चढ़े लेकिन टिक नहीं पाए वे कहते श्रोता भी अब समझदार नहीं रह गए हैं, जो दो मिनट में हूट हो गए, वे निष्कर्ष निकालते हमारी रचना है ही इतनी उच्च स्तरीय है कि जनता समझ ही नहीं पाती है।

अब यह नई बात सामने आई है कि तालियाँ मिल जाएँ तो आप हिट हैं, और अगर लोग चुप रह जाएँ तो आपका साहित्य गंभीर हैं, यानि असफलता को भी अब साहित्यिक सम्मान में बदल देने की अद्भुत कला में माहीर हो गए है।

कभी-कभी तो लगता है कि वे साहित्य नहीं, अपनी असफलताओं का महाकाव्य लिख रहे है हर पंक्ति में समाज का दर्द कम खुद का दुखड़ा ज्यादा होता है। जमुना लाल जी का एक प्रिय वाक्य है हम भीड़ के लिए नहीं लिखते असल में भीड़ भी इनके लिए नहीं रुकती ही नही और जो दो-चार लोग रुक भी जाएँ वे भी मोबाइल बाज ही होतें हैं, लेकिन ये सज्जन इसे भी मौन प्रशंसा मान लेते देखो मेरे वक्तव्य के दौरान पूरा सभागार मौन था पर हकीकत यह थी कि सब मोबाइल में लगे हुए थे। अगर आपकी कविता में दम नहीं है, तो आंगन टेढ़ा होना ही था, मंच और श्रोताओं को दोष दे दीजिए।अगर आपकी प्रस्तुति में जान नहीं है, तो कह दीजिए दर्शक हल्के स्तर के थे ।

अगर लोग समझ नहीं पा रहे, तो दर्शक महान अज्ञानी और जो लोकप्रिय हैं उन्हें हल्का स्तरहीन हैं कहना नया फैशन हो गया है।

जो मंचों पर जोरदार चल रहा है वह निश्चित तौर पर ड्रामेबाज, जुमलेबाज होगा।

जैसा खुद नहीं कर पाए, वह स्तरहींन ।

यह वही मानसिकता है, जिसमें आदमी परीक्षा में फेल हो जाए तो कहे पेपर सिलेबस से बाहर का बता देते हैं।

नौकरी न मिले तो कहो सिस्टम में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है यह अलग बात है कि उसके बाद भी लोगों को हजारों नौकरियां मिल रही है। कविता न चल पाए तो यह कहकर पीछा छुड़ाइए कि साहित्य में वो बात नही रही है। कुछ लोग तो इतने महान बन चुके हैं कि उन्होंने अपनी अक्षमता को ही विचारधारा बना लिया है।हम अलग हैं, हम हटकर है कह कर गला नहीं सुखाते, असल में वे बस त्रिशंकु बने लटके हुए हैं। इनके लेखन में एक खास बात है, जहां उनके शब्द तो होते वहां संवेदना छुट्टी पर होती है, विचार तो होते हैं पर पाठक गायब होते हैं, वहां सबसे ज्यादा मौजूद होता लेखक का अहंकार। वह अहंकार भी बड़ा मजेदार, खुद को पढ़ने वाला कोई नहीं, लेकिन शिकायत पूरी दुनिया से है कि हमें समझा नहीं गया। हमारा यह सिद्धांत है कि हमारा कोई सिद्धांत नहीं है, अवसरवाद सिर चढ़कर बोलने लगता है। जैसे कोई दुकान खोले बिना ही कह दे ग्राहक का मिजाज बहुत खराब हो गया हैं। साहित्य में नई प्रवृत्ति बेलगाम घोड़े जैसी हो गई है, जो समझ में आ जाए, वह साधारण, जो समझ में न आए, वही महान है।अब अगर पाठक आपकी रचना पढ़कर मुस्कुरा दे तो आप असफल, अगर वह सिर पकड़ ले तो आप महान लेखक घोषित!

यानि साहित्य का आनंद अब, तिलस्म बन गया है। सच तो यह है कि मंच भी वही श्रोता भी वही हैं, और शब्द भी वही, बस कुछ लोगों की ईमानदारी और मेहनत कहीं रास्ते में छूट गई है। जो आँगन में उतरकर खेल नहीं सकते, उनके लिए आँगन को टेढ़ा ही होगा। और जो पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ने की हिम्मत नहीं रखते, वे अंगूरों को खट्टा ही बताएँगे।बाकी साहित्य तो चुपचाप अपना काम करता रहा है, करता रहेगा कुछ लोग उसे जी रहे हैं, और कुछ लोग उसमें मीन मेख निकल रहे हैं।

*(लेखक चिंतक व्यंगकार, स्तंभकार हैं)*

## राशिफल

**मेषः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों की खुशी की वजह बनेगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा, जिससे आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज अपने परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। बच्चे आज खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।

**वृषः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी भी पुरानी बातों में न उलझें। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं उनके लिए धनलाभ के योग हैं। आज आपकी रुचि समाज सेवा में ज्यादा रहेगी।

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज आप नया घर लेने का विचार करेंगे। परिवार में इस पर विचार विमर्श करेंगे। बच्चे आज आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए भावनात्मक होने वाला है क्योंकि आज बचपन का बिछड़ा हुआ दोस्त अचानक से मिल सकता है ये बहुत ही भावुक क्षण होगा। आपके जीवनसाथी का अच्छा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना देगा।

**सिंहः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। ज़िंदगी का भरपूर लुत्फ उठाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को क़ाबू में रखें। योग का सहारा लेंगे, जो आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखकर दिल और दिमाग को बेहतर बनाता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। घर के जरूरतों को आज नजरंदाज न करें। आपके परिवार को आपसे बहुत ज़्यादा उम्मीदें हैं, जिसके चलते आपको थोड़ी और मेहनत करने की आवश्यकता है। आज लवमेटआज एक-दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए खास होगा। यदि आज आप बाहर घूमने की करते तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून में बीतेगा। आज आप घर के सजावट का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। दफ़्तर के कामकाज में ज्यादा व्यस्तता के चलते आज आप घर देर से पहुंचेंगे।

**वृश्चिकः** आज आपका दिन अच्छा बीतेगा है। बिजनेस में प्राप्त हुआ धन आप दोबारा अपने बिजनेस में ही लगायेंगे। किसी आवश्यक कार्य में आप भाई-बहन से सलाह लेंगे। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताने से रिश्ते में और मधुरता आएगी।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अचानक आए ख़र्चे आपको थोड़े उलझन में डाल सकते है, लेकिन आप जल्द ही सब नियंत्रण में कर लेंगे। आज आपके रूखे बर्ताव के कारण आपकी बातों से असहमत हो सकता है।

**मकरः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका पड़ोसी आपसे मदद मांग सकता है। घर की समस्याओं को समझने के लिए आज घर के किसी वरिष्ठ शख्स के साथ विचार विमर्श करना जरूरी है। यदि आज दिन अपने व्यक्तित्व को निखारने में लगायेंगे तो परिणाम अच्छे हो सकते हैं।

**कुंभः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बहुत सोच समझकर पहले ही किया गया निवेश आज काफी फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आज आप आर्थिक मामलों को जरूरत से ज़्यादा गंभीरता से लेंगे और उसे दूर करने के लिए विचार करेंगे। आज आप अपने दोस्त के साथ कहीं घूमने का प्लान करेंगे। आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिहाज से दिन अच्छा है।

**मीन :** आपके आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व आपके काम को सराहेंगे। घर पर कोशिश करें कि आपका व्यवहार ज्यादा गुस्से वाला न हो, गुस्से पर नियंत्रण रखे, पारिवारिक माहौल बेहतर होगा। कुछ लोगों से मिलना आपके जीवन में नयापन लाएगा और आपको खुशमिज़ाज रखेगा। घर पर मिले किसी पुराने सामान को देखकर आज आप खुश हो सकते हैं।

## संसद में महिला आरक्षण

# संवैधानिक जरूरत या राजनीतिक रणनीति?

**दृष्टिकोण**

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



संसद में महिला आरक्षण का प्रश्न भारतीय लोकतंत्र के विकास और उसकी समावेशी प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से ही यह अपेक्षा की जाती रही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में समाज के सभी वर्गों को समान और न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व मिले, किंतु वास्तविकता यह है कि महिलाओं की भागीदारी लंबे समय तक सीमित रही। इसी पृष्ठभूमि में 2023 में पारित 106वां संविधान संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया। इस अधिनियम के तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में कुल सीटों का एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उनके अनुपात में उप-आरक्षण भी शामिल है। यह व्यवस्था भारतीय संविधान में नए अनुच्छेद 330, 332 और 334 जोड़कर की गई है, जो न केवल आरक्षण के दायरे को परिभाषित करते हैं बल्कि उसकी अवधि और क्रियान्वयन की प्रक्रिया को भी निर्धारित करते हैं।

हालांकि इस अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण और विवादास्पद विशेषता यह है कि इसके क्रियान्वयन को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ दिया गया है। इस प्रावधान ने एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है कि क्या महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना वास्तव में संवैधानिक आवश्यकता है या यह एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति है। इस प्रश्न का उत्तर सरल नहीं है, क्योंकि इसमें संवैधानिक व्याख्या, राजनीतिक हित और प्रशासनिक व्यवहार्यता तीनों ही तत्व शामिल हैं। संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो संसद को महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार अनुच्छेद 15(3) के तहत प्राप्त है। इसके अतिरिक्त, लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों के पुनर्वितरण के लिए अनुच्छेद 82 और 170 में परिसीमन की व्यवस्था की गई है, जो जनगणना के आधार पर होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334 यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का रोटेशन प्रत्येक परिसीमन के बाद किया जाएगा। यह व्यवस्था पहली दृष्टि में तार्किक प्रतीत होती है, क्योंकि इससे यह सुनिश्चित होता है कि आरक्षण का लाभ विभिन्न क्षेत्रों तक समान रूप से पहुंचे और किसी एक क्षेत्र तक सीमित न रह जाए।

फिर भी यह प्रश्न बना रहता है कि क्या इस पूरी प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से परिसीमन से जोड़ना आवश्यक था। यदि हम स्थानीय निकायों के स्तर पर लागू 73वें और 74वें संविधान संशोधनों को देखें, तो वहां महिलाओं के लिए आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया था, भले ही परिसीमन की प्रक्रिया बाद में हुई हो। इससे यह संकेत मिलता है कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन एक अनिवार्य शर्त नहीं है, बल्कि इसे प्रशासनिक सुविधा के लिए जोड़ा गया है। इसके अलावा, 1996 से 2010 के बीच कई बार प्रस्तुत महिला आरक्षण विधेयकों में इस प्रकार की कोई शर्त नहीं थी, जो यह दर्शाता है कि यह प्रावधान बाद में एक विशेष राजनीतिक संदर्भ में जोड़ा गया।

राजनीतिक दृष्टिकोण से इस प्रावधान का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि परिसीमन के साथ महिला आरक्षण को जोड़ना सत्ताधारी दलों के लिए एक रणनीतिक लाभ प्रदान करता है। वर्तमान लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जबकि राज्य विधानसभाओं में यह और भी कम है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू किया जाता, तो बड़ी संख्या में वर्तमान पुरुष सांसदों की सीटें प्रभावित होतीं, जिससे राजनीतिक असंतोष और विरोध उत्पन्न होना स्वाभाविक था। परिसीमन के माध्यम से सीटों की संख्या बढ़ाकर इस समस्या को कम किया जा सकता है, क्योंकि नई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है, बिना मौजूदा सांसदों को सीधे तौर पर विस्थापित किए।

इसके अतिरिक्त, परिसीमन की प्रक्रिया स्वयं में एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील विषय है, क्योंकि यह विभिन्न राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व के संतुलन को प्रभावित करती है। दक्षिण भारत के कई राज्यों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि जनसंख्या नियंत्रण में उनकी सफलता के बावजूद परिसीमन के बाद उनकी सीटों की संख्या अपेक्षाकृत कम हो सकती है, जबकि उत्तरी राज्यों को अधिक लाभ मिल सकता है। इस संदर्भ में महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना एक व्यापक राजनीतिक समीकरण का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों के हितों को संतुलित करने का प्रयास किया जा रहा है।

एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि इस अधिनियम में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोई उप-आरक्षण नहीं किया गया है। यह सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कमी मानी जा रही है, क्योंकि इससे आरक्षण का लाभ मुख्य रूप से अपेक्षाकृत सशक्त वर्गों की महिलाओं तक सीमित रह सकता है। इसके अतिरिक्त, यह प्रावधान राज्यसभा और विधान परिषदों पर लागू नहीं होता, जिससे उच्च सदनों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का अवसर भी सीमित हो जाता है।

इस पूरी व्यवस्था का एक और व्यावहारिक पहलू यह है कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया में देरी होने के कारण महिला आरक्षण का वास्तविक लाभ भी टलता जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह आरक्षण 2029 के आम चुनावों या उसके बाद ही प्रभावी हो पाएगा। इसका अर्थ यह है कि जिन महिलाओं के लिए यह अधिनियम एक आशा का स्रोत बना, उन्हें अभी भी अपने अधिकारों के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। यह स्थिति इस प्रश्न को और अधिक प्रासंगिक बना देती है कि क्या इस प्रकार का विलंब वास्तव में आवश्यक है या इसे टाला जा सकता था। फिर भी इस अधिनियम के सकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह पहली बार है जब संसद और विधानसभाओं के स्तर पर महिलाओं के लिए इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में भी उनके दृष्टिकोण और अनुभवों को स्थान मिलेगा। पंचायत स्तर पर महिला आरक्षण के सकारात्मक परिणाम पहले ही देखे जा चुके हैं, जहां महिलाओं ने न केवल प्रशासनिक क्षमता का प्रदर्शन किया है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान भी दिया है। अंततः यह कहा जा सकता है कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना एक जटिल निर्णय है, जिसमें संवैधानिक प्रावधानों, प्रशासनिक आवश्यकताओं और राजनीतिक रणनीतियों का मिश्रण है। इसे पूरी तरह से संवैधानिक बाध्यता कहना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसके वैकल्पिक उपाय संभव थे। वहीं इसे केवल राजनीतिक रणनीति कहना भी एकतरफा दृष्टिकोण होगा, क्योंकि इसमें कुछ व्यावहारिक और तार्किक आधार भी मौजूद हैं। वास्तविकता यह है कि यह निर्णय दोनों ही तत्वों का सम्मिलित परिणाम है।

भारतीय लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि वह न केवल सिद्धांतों में बल्कि व्यवहार में भी समानता और न्याय के मूल्यों को अपनाए। महिला आरक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी शीघ्रता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाता है। यदि इसे अनावश्यक रूप से विलंबित किया जाता है, तो यह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। इसलिए यह समय की मांग है कि इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए एक स्पष्ट और समयबद्ध रोडमैप तैयार किया जाए, ताकि महिलाओं को उनके अधिकारों का लाभ बिना किसी देरी के मिल सके और भारतीय लोकतंत्र वास्तव में समावेशी और प्रतिनिधिक बन सके।

*(लेखिका डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)*

## शब्द-सामर्थ्य 011

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | ट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## सु-दोकू 011

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.010 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# बालाजी मंदिर की रजत जयंती पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म एवं स्मारिका का विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 17 अप्रैल।** शहर के प्रतिष्ठित बालाजी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार शाम बालाजी मंदिर स्थित कल्याणम मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर की 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म एवं स्मारिका का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्री बालाजी मंदिर ने इस वर्ष अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण किए हैं। इस अवसर को मंदिर समिति द्वारा विशेष धार्मिक आयोजनों के माध्यम से मनाया गया। रजत जयंती महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, विशेष अभिषेक, भजन संध्या, धार्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सामूहिक प्रसाद वितरण जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इन्हीं आयोजनों और मंदिर की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को संजोते हुए एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार की गई है।विमोचित की गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म में मंदिर की स्थापना, इसके विकास, धार्मिक महत्व, सामाजिक योगदान तथा वर्षों से जुड़े श्रद्धालुओं की भावनाओं को बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में मंदिर के निर्माण से लेकर आज तक के महत्वपूर्ण पड़ावों, धार्मिक आयोजनों और समाज सेवा के विभिन्न आयामों को भी शामिल किया गया है। उपस्थित श्रद्धालुओं ने फिल्म को देखकर मंदिर से जुड़ी स्मृतियों को पुनः जीवंत महसूस किया।

इसके साथ ही मंदिर की रजत जयंती पर प्रकाशित स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस स्मारिका में मंदिर के इतिहास, धार्मिक गतिविधियों, प्रमुख आयोजनों, समिति के कार्यों तथा समाज में मंदिर की भूमिका को विस्तारपूर्वक स्थान दिया गया है। स्मारिका में मंदिर से जुड़े अनेक दुर्लभ छायाचित्र और लेख भी शामिल किए गए हैं, जो इसे विशेष बनाते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने मंदिर समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की डॉक्यूमेंट्री और स्मारिका आने वाली पीढ़ियों के लिए मंदिर की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित रखने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर बेवरेजेस कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, टेंपल कमेटी के अध्यक्ष बी. वासुदेव राव, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, सर्व हिंदू समाज के सचिव धरमचंद्र शर्मा, बी वेंकट राव, कुंडल राव, बी जयराम, मद्दी सप्त गिरी, आदिनारायण राव, नागभूषण राव, नरसिंह राव, टी महेश, बी रामकुमार, अप्पा राव, राजू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा मंदिर की धार्मिक परंपरा को इसी प्रकार आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## एक नजर

### ट्रक व माज़दा वाहन की टक्कर में दो मजदूरों की मौत, तीन गंभीर



**कोंडागांव, 17 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के फरसगांव राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर आज शुक्रवार को ट्रक और माज़दा वाहन की टक्कर में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना में माज़दा वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया उसमें पांच से अधिक मजदूर फंसे हुए थे, जिन्हें निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। फरसगांव पुलिस और स्थानीय नागरिकों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद वाहन में फंसे मजदूरों को बाहर निकाला जा सका। मृतकों के शवों को भी कड़ी मेहनत के बाद बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। बाद में धीरे-धीरे यातायात को सामान्य किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा 2 मई को

**कांकेर 17 अप्रैल।** राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) का 02 मई को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। जिले में इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए व्यापक एवं सुनियोजित तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं शासकीय उच्च प्राथमिक शालाओं के संस्था प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत कक्षा 8वीं के पात्र विद्यार्थियों को लक्ष्य आधारित तैयारी से जोड़ा गया है। जिला स्तर पर तैयार प्रश्न-पत्र, जिसमें विभिन्न वर्षों के अति महत्वपूर्ण प्रश्नों को समाहित किया गया है, के आधार पर विद्यार्थियों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत 23 अप्रैल को मॉक टेस्ट आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों की तैयारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक टेस्ट आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही अगले दिवस संबंधित विद्यार्थियों को उनके टेस्ट का परिणाम प्रदान करते हुए उनकी प्रगति का विश्लेषण भी किया जाएगा, जिससे कमजोर बिंदुओं की पहचान कर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। विद्यार्थियों की तैयारी को और सशक्त बनाने हेतु ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन भी प्रारंभ किया गया है, जिससे विद्यार्थी निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि तैयारी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है। वे कक्षाओं, टेस्ट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की फोटो एवं जानकारी नियमित रूप से साझा करें,

# सेक्टर गठन के लिए बैठक में की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देशानुसार दक्षिण ब्लॉक प्रभारी जतिन जायसवाल की अध्यक्षता व दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यापानी के नेतृत्व में एवं मंडल प्रभारी संदीप दास व मंडल अध्यक्ष जोहन सुता की उपस्थिति में जवाहर नगर वार्ड व सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में बूथ/सेक्टर गठन प्रकिया हेतु महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी ÷मिशन गाँव चलो अभियान÷ जारी है इसी तारतम्य में शहरी क्षेत्र अंतर्गत बूथ व सेक्टर की मजबूती हेतु संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने बैठक आहुत की जा रही है इसका मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। इस बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री जिला कांग्रेस सुषमा सुता,सचिव मोहसिन खान, असीम सुता,सूदनी कश्यप,कुसुम नेगी,अरूपानंद बाघ,जोसमन नम्रशील, सुमन नम्रशील,कृपाशंकर राय ,दिनेश साहनी,मातियस नर्मशील ,ललित धनफूल ,गणेश झा,जोगा सिंग ,जरीना बघेल ,चंद्रा छुरा ,ममता शर्मा ,गुरजीत वर्मा,दिनेश साहनी ,सुदर्शन सिंह ,लच्छू बघेल ,शांति नायक, कृपाशनी ,संजय,सायबो बाघ भानुमति कश्यप ,कुम्बती यादव ,सफल कुमार,मीना नाग,तुलबाई स्वाई,दामिनी नेगी,मलकीत सिंह,गुरमीत सिंह,अमन ,अनुराधा कुर्मी सहित अन्य मौजूद रहे।

# कोचिया अवैध रूप से शराब बिक्री करते गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़, 17 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश में, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के पर्यवेक्षण में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल द्वारा पुलिस स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस को 16 अप्रैल 2026 को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चिद्दो निवासी बारेलाल सिन्हा अपने होटल में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से एक थैला में 04 बीयर बोतल एवं 14 पाव देशी/अंग्रेजी शराब कुल सहित 3270/- रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना डोंगरगढ़ में अवैध शराब बिक्री एवं मारपीट के प्रकरण दर्ज हैं।

# पुलिस ने म्यूल खातों से हो रही ठगी के नेटवर्क का पर्दाफाश किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 अप्रैल।** साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए म्यूल खातों के जरिए हो रही ठगी के संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश किया दुर्ग की मोहन नगर थाना पुलिस और सुपेला पुलिस की संयुक्त टीम ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जांच में सामने आया है कि 250 से अधिक संदिग्ध बैंक खातों के माध्यम से कुल 1 करोड़ 88 लाख 67 हजार 554 का साइबर फ्रॉड यानी लेनदेन किया गया पुलिस अब सभी खातों की डिटेल खंगाल रही है ये भी पता लगा रही है कि किन किन खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए सायबर पुलिस को मिली थी खातों की जानकारी पुलिस ( प्रवक्ता ) मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि भारत सरकार के समन्वय पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर कर्नाटका बैंक और फेडरल बैंक की विभिन्न शाखाओं में संचालित खातों का विश्लेषण किया गया इस में पाया गया कि खाताधारक अपने बैंक खाते साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए उपलब्ध कराकर अवैध लाभ कमा रहे थे साल 2026 के पहले 4 महीनों में ही ऐसे मामलों में 150 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जो इस गिरोह के बड़े नेटवर्क को दिखाता है गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है जब कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है ने कहा कि आम नागरिक अपने बैंक खाते, एटीएम या ओटीपी की जानकारी किसी से साझा न करें, क्योंकि म्यूल खाते उपलब्ध कराना भी गंभीर अपराध है क्या होता म्यूल अकाउंट म्यूल अकाउंट एक ऐसा बैंक खाता होता है जिसका इस्तेमाल साइबर अपराधी धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गलत कामों के लिए करते हैं. खासकर गलत रास्तों से आने वाले पैसे को छिपाने या फिर ट्रांसफर करने के लिए. यह खाते किसी मासूम व्यक्ति के नाम पर हो सकता है, जिसे लालच देकर (जैसे कमीशन) या धोखे से इस्तेमाल किया जाता है, ताकि असली अपराधी पुलिस की पकड़ से बच सके क्या है समन्वय पोर्टल केंद्रीय गृहमंत्रालय ने समन्वय पोर्टल बनाया है. इस पोर्टल के जरिए एक केंद्रीय डेटाबेस बनाया जाता है पोर्टल के जरिए साइबर अपराधियों का डेटा देशभर में साझा किया जाता है. इसकी मदद से साइबर अपराधियों की धर पकड़ की जाती है पुलिस ने की इन आरोपियों की गिरफ्तारी शिवधर साहू (25 साल ) निवासी आर्य नगर कोहका, गोविंदा डहरिया (26 साल ) निवासी कोहका, साहिल टेम्बेकर (19 साल ) निवासी शंकर नगर दुर्ग, धर्मेन्द्र सिंह (27 साल ) निवासी वार्ड 24 दुर्ग, एस. त्रिमोला (29 साल ) निवासी खुर्सीपार, प्रदीप कुमार उइके (38 साल ) निवासी रसमड़ा दुर्ग, भोजराज प्रजापति (44 साल ) निवासी कैम्प 02, हेमंत कुमार साहू (28 साल ) निवासी सुपेला, सन्नी चौहान (25 साल ) निवासी सुपेला, प्रिया सिंह (29 साल ) निवासी खुर्सीपार व आरती मारकण्डे (26 साल ) निवासी कोहका है।

### थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था

**कांकेर 17 अप्रैल।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक पूर्ण किया जा चुका है। इसके लिए कांकेर जिले से 1314 आवेदकों के द्वारा ऑनलाईन आवेदन जमा किया गया है। भारतीय थल सेना द्वारा पंजीकृत आवेदकां का ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) 01 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाना संभावित है। परीक्षा के लिए युवाओं को बेहत्तर रूप से तैयार करने के उद्देश्य से संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

# सरोरा में जनसुनवाई शांति से हुई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के द्वारा तिल्दा ब्लॉक के ग्राम सरोरा में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के लिए आयोजित जनसुनवाई उमाशंकर बन्दे अपर कलेक्टर और क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी प्रकाश राबडे की उपस्थिति में शांति पूर्वक सम्पन्न हुई । आपको बता दें संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड सरोरा के द्वारा की आस पास गावों में लगातार विकास कार्य और स्वास्थ शिविरों का आयोजन किया जाता रहता है जिस वजह से ग्रामीण और जनप्रतिनिधि विस्तार के जनसुनवाई का समर्थन किया ।

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के विस्तार के जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से क्षेत्र का विकास, भूमि का उचित मुआवजा, नौकरी और स्वरोजगार शिक्षा और स्वास्थ सहित कई बातों - सुझावों को शांति पूर्वक रखा । संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के विकास ने ग्राम ग्राम सरोरा के ग्रामीणो द्वारा रखी गई मांगो को यथा शीघ्र पूर्ण करने की बात कही जनसुनवाई में पधारे सभी ग्रामीणों को कंपनी के सामाजिक सरोकारों के माध्यम से हर तरफ विकासात्मक कार्य कराने की अपनी प्रतिबद्धता की बात कही साथ ही जनसुनवाई आयोजित कराने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पर्यावरण विभाग, सभी ग्रामीणजनों तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया

### उपभोक्ताओं का आरोप

# शासकीय शराब दुकानों में अधिक मूल्य पर बेची जा रही देशी और विदेशी शराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**चारामा,17 अप्रैल।** नगर में स्थित शासकीय देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर शराब बेचे जाने का मामला सामने आया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मदिरा दुकान संचालको के द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसुली जा रही हैं जिससे आम मदिरा प्रेमियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही हैं।

सुत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई मदिरा प्रेमियों ने नाम न छापने की शर्त पर मदिरा दुकान संचालकों पर आरोप लगाते हुए बताया कि नगर में स्थित शासकीय देशी व विदेशी दोनो ही मदिरा दुकानों में शराब की बोतलों पर अंकित शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से 20 से 50 रू. तक अधिक राशि अवैध रूप से वसुली जाती है। इस संबंध में जब दुकान के कर्मचारियों से पुछताछ की जाती है और स्कैनर मशीन दिखाने कहा जाता है तो वे स्कैनर मशीन नही दिखाते तथा दुर्व्यव्हार करने लगते है और जहां चाहे शिकायत कर लो कहते हुए अपनी ऊंची पहुंच होने का धौस दिखाते है। वहीं कई बार इसी बात को लेकर मदिरा दुकान के सामने ही वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है जिसे मदिरा दूकान में लगे सीसीटीवी कैमरा की रिकार्डिंग में आसानी से देखा जा सकता है। मदिरा दुकान में अधिक मूल्य में शराब बेचने का यह पहला मामला नही है बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी शासकीय मदिरा दुकान में ऐसे ही मामले को लेकर एक कर्मचारी को बर्खास्त किया जा चुका है। कुछ मदिरा प्रेमियो ने यह भी बताया कि अधिक राशि नही देने पर उन्हे शराब देने से साफमना कर दिया जाता है। फिर अधिक राशि देकर शराब खरीदना उनकी मजबुरी हो जाती है वहीं रात में मदिरा दुकान बंद होने के समय में अवैध वसुली और अधिक हो जाती हैं।मदिरा प्रेंमियो का कहना है कि यह पूरी तरह से नियमों का उल्लंघन है और शासकीय मदिरा दुकान होने के बावजूद इस तरह की अनियमितता प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे करती है और इस प्रकार की घटनाओं से शासन की छवि खराब होती हैं। उपभोक्ताओं ने आबकारी विभाग एवं जिला प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए दोषी दुकान संचालको पर कडी कार्यवाही करने की मांग की है।

# निःशुल्क योगाभ्यास बना जनआंदोलन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 17 अप्रैल।** डोंगरगढ़ नगर इन दिनों स्वास्थ्य और जागरूकता की नई मिसाल पेश कर रहा है। नगर के सुप्रसिद्ध एवं वरिष्ठ योगाचार्य आचार्य श्री मनोज दम्मानी जी द्वारा नेहरू स्टेडियम में प्रतिदिन प्रातः 6ः00 बजे से 8ः00 बजे तक निःशुल्क योगाभ्यास का नियमित आयोजन किया जा रहा है, जो अब एक प्रेरणादायक जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

आचार्य श्री के कुशल मार्गदर्शन एवं सरल शैली में सिखाए जा रहे योग अभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार हो रहा है। यही कारण है कि प्रतिदिन योग साधकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। हर आयु वर्ग के लोग–युवा, बुजुर्ग बड़ी उत्सुकता और नियमितता के साथ इसमें भाग ले रहे हैं।विशेष बात यह है कि यह संपूर्ण योग शिविर निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है, जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है। आचार्य श्री का उद्देश्य केवल योग सिखाना नहीं, बल्कि स्वस्थ, सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण करना है।नगरवासियों ने इस सराहनीय पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की है और अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़कर अपने जीवन में स्वास्थ्य और संतुलन लाने का आह्वान किया है।स्वस्थ तन, शांत मन - यही है जीवन का सच्चा धनउक्ताश्य की जानकारी श्री भुनेश्वर वैष्णव (दाऊजी) योग साधक ने दी।

# बस्तर के आर्थिक क्षितिज पर नई दस्तक

**जगदलपुर, 17 अप्रैल ।** बस्तर की छिपी हुई आर्थिक संभावनाओं को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने और स्थानीय युवाओं के भीतर उद्यमिता की लौ जलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की अनूठी पहल थिंक बी (बिल्डिंग बैटर बस्तर) ने एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। एक्सप्लोरिंग बस्टर्स पोटेंशियल की विशेष थीम पर आधारित एक गौरवशाली एंटरप्रेन्योर मीट का आयोजन गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित थिंक बी केंद्र में किया गया, जहाँ बस्तर के पारंपरिक हुनर और आधुनिक कॉर्पोरेट विजन का एक अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन की सार्थकता को तब और बल मिला जब देश के विख्यात वित्तीय विशेषज्ञ श्री अभिनव खंडेलवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। आईपीओ एडवाइजरी, प्री-आईपीओ और प्राइवेट इक्विटी जैसे जटिल वित्तीय क्षेत्रों में लंबा अनुभव रखने वाले श्री खंडेलवाल ने स्थानीय उद्यमियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने बस्तर के उभरते हुए स्टार्टअप्स को यह महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाया कि कैसे यहाँ के पारंपरिक व्यवसायों को निवेश की आधुनिक तकनीकों से जोड़कर वैश्विक स्तर पर स्केलेबल बनाया जा सकता है। करीब 90 मिनट के इस सत्र में उत्साह का माहौल रहा, जहाँ युवाओं ने अपने व्यापारिक मॉडलों को और अधिक प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के गुर सीखे।कार्यक्रम का केंद्र बिंदु मुख्य रूप से पर्यटन, होमस्टे, वन उत्पाद, कृषि प्रसंस्करण और यहाँ की समृद्ध कला एवं संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे। आयोजकों का मानना है कि बस्तर की असली ताकत उसकी जड़ों में है, और यदि इन पारंपरिक क्षेत्रों को सही मार्गदर्शन और सही समय पर निवेश मिल जाए, तो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को एक नई और सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

# मरम्मत के बाद दोनों पुल से यातायात शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 17 अप्रैल।** दुर्ग जिले के कुम्हारी टोल प्लाजा के आगे खारुन नदी स्थित पुलिया का मरम्मत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर यातायात पुनः प्रारंभ किया गया। पखवाड़े भर बाद दोनों पुलों को आम नागरिकों एवं वाहनों के आवागमन हेतु सुरक्षित रूप से खोल दिया गया। मरम्मत के लिए पिछले 1 अप्रैल से दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाले पुलिया को बंद कर दिया गया था। इस दौरान सीमित वाहनों का आवागमन रायपुर से दुर्ग दिशा के पुलिया से हो रहा था आज 17 अप्रैल से दोनों पुलिया से अलग-अलग वाहन दौड़ने के साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारू हो गई है कुम्हारी के नजदीक नेशनल हाईवे पर खारुन नदी में दुर से रायपुर की दिशा में गुजरने वाला पुलिया कुछ जगहों पर जर्जर हो गया था इसके मरम्मत के लिए 1 अप्रैल से पूरे एक महीने तक आवाजाही बंद करने की घोषणा की गई थी। लेकिन 16 दिन में ही मरम्मत कार्य पूरा कर 17 अप्रैल से आवाजाही के लिए पूल को खोल दिया गया है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने कहा है कि मरम्मत अवधि में नागरिकों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन को दिया गया सहयोग सराहनीय रहा, जिससे कार्य समय पर पूर्ण हुआ उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा सतत निगरानी एवं आवश्यक प्रबंधन किया गया कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के आगे खारुन नदी में स्थित पुलिया का मरम्मत कार्य विगत दिनों से प्रगति पर था, जिसके कारण उक्त मार्ग पर यातायात आंशिक रूप से प्रभावित था 17 अप्रैल को मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत दोनों पुलों को आम नागरिकों एवं सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन होता है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं अपना फॉर्म भरकर मकान-सूचीकरण की प्रक्रिया की पूर्ण



**राजनांदगांव 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं अपना फॉर्म भरकर मकान-सूचीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की। उन्होंने नागरिकों से स्व-गणना अपनाने का आग्रह किया। छत्तीसगढ़ राज्य में स्व-गणना की अवधि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। नागरिक पोर्टल पर एसई आईडी के माध्यम से अपने मकान एवं परिवार संबंधी विवरण दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऐच्छिक है, किन्तु अत्यंत उपयोगी है। जिन नागरिकों द्वारा स्व-गणना नहीं की जाएगी, उनके लिए 1 मई से 30 मई 2026 तक प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर मकान-सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। सभी सूचनाएँ पूर्णतः गोपनीय रखी जाएँगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें।

### बच्चों के विकास में जन्म के पश्चात प्रारंभिक दो वर्ष अत्यंत महत्वपूर्णः कलेक्टर

**राजनांदगांव 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव आज सीआरसी ठाकुरटोला में आयोजित पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित शिशुवती माताओं एवं अभिभावकों को बच्चों के समग्र विकास के लिए सही एवं संतुलित पोषण आहार देने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के जन्म के पश्चात प्रारंभिक दो वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इस अवधि में मस्तिष्क का तीव्र विकास होता है। इसलिए बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को घर पर तिरंगा पौष्टिक भोजन देने के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों से मिलने वाले रेडी-टू-ईट आहार के उपयोग करने कहा। साथ ही संतुलित आहार, पर्याप्त प्रोटीन, स्वस्थ खान-पान एवं बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों एवं लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होंने सीआरसी ठाकुरटोला के विभिन्न सेवा इकाइयों एवं ओपीडी का निरीक्षण कर विशेषज्ञों एवं लाभार्थियों से चर्चा की तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास की प्रगति की जानकारी ली। कार्यक्रम में पद्मश्री पुखराज बाफना ने स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत अभिभावकों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संतुलित आहार, मातृ स्वास्थ्य एवं बाल पोषण पर विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई एवं छह माह तक के शिशुओं के लिए अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।

### बिना पंजीकरण प्रचार पर सीजी रेरा की सख्त कार्रवाई

**रायपुर, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजीरेरा) ने बिना पंजीकरण रियल एस्टेट परियोजना के प्रचार-प्रसार के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए डेला रेसकोर्स एंड इंटरनेशनल पोलो क्लब परियोजना पर क्रय-विक्रय एवं पंजीयन पर अंतरिम (प्रारंभिक) रोक लगा दी है। प्राधिकरण द्वारा प्रकरण क्रमांक एसएम-यूआरपी-2026-03599 में संज्ञान लेते हुए पाया गया कि नया रायपुर के सेक्टर-37 स्थित लगभग 55 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित उक्त परियोजना के प्रमोटर द्वारा रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 3 का उल्लंघन किया गया है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित प्रमोटर ने बिना रेरा पंजीकरण प्राप्त किए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परियोजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया और आम नागरिकों को बुकिंग के लिए आमंत्रित किया।

# टंकी गिरने के डर से पानी नहीं भरा जाता, ग्रामीणों को पीने की पानी की किल्लत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम 17 अप्रैल।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का सपना यहां बिखरता नजर आ रहा है। फिंगेश्वर ब्लॉक के चैतरा और रवेली गांव में लाखों की लागत से बनी पानी टंकी अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की मिसाल बन गई है। ग्रामीणो ने बताया कि टंकी में पानी भरते ही दीवारों से सीपेज होकर पानी झरने की तरह बहने लगता है। ग्रामीणों में डर है कि कहीं यह टंकी कभी भी भरभराकर न गिर जाए। राजिम क्षेत्र के चैतरा और रवेली गांव में लगभग 500 की आबादी रहती है। गांव में 300 से अधिक नल कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन अधिकांश नल सूखे पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमानी और घटिया निर्माण के कारण पानी टंकी उपयोग लायक नहीं बची। स्थिति यह है कि गांव में केवल तीन हैंडपंप हैं, जिनमें से दो खराब पड़े हैं और एकमात्र चालू हैंडपंप भी बंद होने की कगार पर है। भीषण गर्मी में ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए जूझना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। टंकी से लगातार हो रहे रिसाव के कारण लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव प्यासा है।

ग्रामीणों में आक्रोशः ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर समय रहते मरम्मत और जांच नहीं हुई, तो बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच, दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई और तत्काल वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था की मांग की है।

# नई समितियों के उद्घाटन से किसान गदगद

■ कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने डॉ. रमन से करवाई बात, किसानों ने कहा धन्यवाद डॉ. साहब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** जिले में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 136 नई सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक पहल से जिले के करीब 620 गांवों के 97 हजार 305 किसानों को खाद, बीज, ऋण सहित अन्य सहकारी सुविधाएं अब पहले से अधिक आसान और सुलभ रूप में मिल सकेंगी। उद्घाटन अवसर पर किसानों ने खुशी जताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अंतर्गत बुधवार को अंजोरा में आयोजित कार्यक्रम में 136 नई समितियों का एक साथ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में लिया गया ऐतिहासिक कदम है। नई समितियों के गठन से अब किसानों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि वर्षों से किसान मांग कर रहे थे कि मौजूदा बड़ी समितियों से अलग नई समितियां बनाई जाएं ताकि भीड़भाड़, दूरी और असुविधा से छुटकारा मिल सके। अब सरकार ने किसानों की इस मांग को पूरा कर दिया है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने किसानों की उनसे सीधी बातचीत कराई। किसानों ने डॉ. रमन सिंह से बात कर गौरव महसूस किया और नई समितियों के गठन के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। किसानों ने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद राहतभरा है क्योंकि अब उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूर स्थित समितियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सचिन सिंह बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में किसानों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। नई समितियों का गठन भी इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि किसानों को ऋण, खाद-बीज वितरण और अन्य सहकारी सेवाएं सरलता से समय पर मिलें ताकि खेती-किसानी को मजबूती मिले। नई समितियों के गठन से कई गांवों के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।सोमनी समिति के तहत 8 गांवों के 1453 किसान लाभान्वित होंगे। अंजोरा समिति के अंतर्गत 7 गांवों के 1687 किसान सुविधाएं पाएंगे। मनकी समिति के तहत 4 गांवों के 603 किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इसी तरह जिलेभर में सैकड़ों गांवों के किसानों को नई समितियों का फायदा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सहकारी समितियों के विस्तार से केवल किसानों को राहत ही नहीं मिलेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई ताकत मिलेगी। किसानों को समय पर ऋण, खाद और बीज उपलब्ध होने से कृषि उत्पादन बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने कहा कि नई समितियों के खुलने से अब खेती-किसानी के कार्य पहले से आसान हो जाएंगे। उन्हें समय पर खाद-बीज और ऋण मिल सकेगा जिससे खेती में देरी नहीं होगी और उत्पादन भी बढ़ेगा। किसानों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

## सहसपुर एवं जामगांव में नई समिति खुलने से क्षेत्र के किसानों में खुशी



■ अब नही जाना पड़ेगा दूर ,सोसायटी की सब सुविधा अब यहीं से मिलेगी

**साल्हेवारा 14 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सहकारिता को मजबूत एवं किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 15 अप्रैल को मुख्यमन्त्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के 515 नवीन सेवा सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ रायपुर से किया गया , जिसका सीधा प्रसारण टी वी के माध्यम से अतिथि , जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के किसानों ने देखा ।

सहसपुर समिति में कार्यक्रम के अतिथि सहकारिता सभापति मन्नु मरकाम, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू एवं नचनिया प्राधिकृत अधिकारी ललित सोनी ने पूजा अर्चन कर, समिति संचालित भवन का फीता काटकर शुभारंभ किए तो वहीं जामगांव में जिला पंचायत सदस्य हेमलता मंडावी, महामंत्री महेंद्र यादव एवं पारासर ठाकरे ने शुरुआत की।

जानकारी के अनुसार सहसपुर पहले नचनिया समिति के अंतर्गत आता था , और 2189 पंजीकृत किसान थे लेकिन अब तीन ग्राम पंचायत के साथ आठ गांवों के कुल 603 पंजीकृत किसान होंगे।

अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में कहे शामिल किए थे हम किसानों की सुविधा के लिए हर तीन पंचायतों में एक नया समिति का गठन करेंगे , जो आज लगभग ढाई साल में ही साकार हो गया।

अब सारी सुविधा आप लोंगो को यहीं से मिलेगी और भीड़ से निजात मिलेगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप शाखा प्रबंधक रामदास देवदास, महामंत्री मनोज अग्रवाल, समिति प्रबंधक चालेश्वर यादव,संतोष ठाकुर, आसमीर खान,ओमलाल साहू, शकुन यादव, गोपी बंजारे,सतीष वर्मा, उमेश मरकाम,पवार सिंह,रामलाल जंघेल,जैता पटेल, ज्योति पटेल, कमल मेरावी,सरपंच जीवन झारिया, संतोष पांचे, दुर्गा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# खनिजों का अवैध परिवहन करने वालों पर लगातार की जा रही कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम सुरगी, सिंघोला, करमतरा, सोमनी, धीरी, सांकरा, जोरातराई, मुढ़ीपार, भर्रेगांव तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम ढारा, मोहारा, अण्डी, चिद्दो, शिवपुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें भण्डारपुर निवासी सत्यपाल निषाद के स्वामित्व की ट्रैक्टर स्वराज सोल्ड लाल रंग से भण्डारपुर निवासी वाहन चालक टीकम निषाद द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया। इसी तरह खपरवाड़ा निवासी लोकेश कुमार चंद्राकर के स्वामित्व की हाईवा 12 चक्का सीजी 04 केपी 9255 से ग्राम पलारी निवासी वाहन चालक हेम प्रकाश तथा ग्राम बोरसी निवासी जितेन्द्र साहू के स्वामित्व की हाईवा 12 चक्का सीजी 07 सीएन 2697 से ग्राम परसदा निवासी वाहन चालक दिनेश कुमार साहू द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार नागपुर निवासी अंकित भाई सूद के स्वामित्व की ट्रक 12 चक्का एमएच 40 सीडी 4770 से ग्राम बरबसा निवासी वाहन चालक विनय कुमार पटेल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना सुरगी को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

### सुशासन तिहार-2026 के लिए राज्य सरकार की व्यापक तैयारी

**रायपुर, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सुशासन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार वर्ष 2025 की तर्ज पर इस वर्ष सुशासन तिहार 2026 का आयोजन व्यापक स्तर पर करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुशासन की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष इसे और अधिक व्यापक स्वरूप में लागू किया जाएगा।

## संपत्ति कर बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों का जनआंदोलन शुरूः संतोष पिल्ले

**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने शहर में जनआंदोलन की शुरुआत कर दी है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम नागरिकों का समर्थन जुटाना शुरू किया। कांग्रेस ने घोषणा की है कि 17 अप्रैल से यह अभियान और व्यापक रूप से चलाया जाएगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा संपत्ति कर में 20 से 65 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है जिससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसे जनता के साथ अन्याय बताते हुए कांग्रेस पार्षद दल ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह जनविरोधी है और नागरिकों के हितों की अनदेखी करता है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि वर्तमान निगम प्रशासन जनता पर करों का बोझ डालकर उनकी परेशानियां बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी पिछले पांच वर्षों तक नगर निगम



की सत्ता संभाली लेकिन कभी भी नागरिकों पर इस तरह का अत्याचार नहीं किया गया। कांग्रेस हमेशा जनहित और विकास को प्राथमिकता देती रही है।

हस्ताक्षर अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने नागरिकों से मुलाकात कर संपत्ति कर वृद्धि के खिलाफआवाज बुलंद करने की अपील की। शहरवासियों ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर करते हुए अभियान में हिस्सा लेगा। कांग्रेस पार्षद दल ने चेतावनी दी है कि यदि संपत्ति कर वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो नगर निगम कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन सहित अन्य लोकतांत्रिक कदम भी उठाए जाएंगे।

# संपत्ति कर में भेदभाव से लखोली क्षेत्र के लोगों में बढ़ता आक्रोशः वीरेंद्र चंद्राकर

■ कहा - मोतीपुर के मुकाबले लखोली में 65% तक टैक्स वृद्धि जनता में नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** शहर में संपत्ति कर वृद्धि को लेकर राजनीति गरमा गई है। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र चंद्राकर ने महापौर मधुसूदन यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि संपत्ति कर के मामले में लखोली क्षेत्र के साथ बड़ा भेदभाव किया गया है। उन्होंने कहा कि इस असमानता के कारण क्षेत्र की जनता में भारी नाराजगी है और आने वाले समय में महापौर का घेराव भी किया जा सकता है। श्री चंद्राकर ने बताया कि लखोली क्षेत्र के लगभग पांच वार्डों में संपत्ति कर में 65 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है जबकि महापौर के गृह क्षेत्र मोतीपुर और उससे लगे चार वार्डों में केवल 20 प्रतिशत तक ही टैक्स बढ़ाया गया है। उन्होंने इसे स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण निर्णय बताया। उन्होंने यह भी कहा कि लखोली क्षेत्र श्रमिक बाहुल्य इलाका है जहां आम और मध्यमवर्गीय परिवार बड़ी संख्या में निवास करते हैं। ऐसे में यहां भारी कर वृद्धि से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। दूसरी ओर अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति वाले मोतीपुर क्षेत्र में कम वृद्धि करना प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े करता है। श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया कि लखोली के जिन वार्डों में भाजपा के पार्षद हैं वहां इस तरह की अधिक वृद्धि कर आम जनता को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि संपत्ति कर वृद्धि में समानता लाई जाए और लखोली क्षेत्र के लोगों को राहत दी जाए। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इस भेदभावपूर्ण नीति को वापस नहीं लिया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्र में लगातार बैठकों और चर्चाओं का दौर जारी है, और जल्द ही एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है। राजनीतिक गलियारों में भी इस मुद्दे को लेकर हलचल तेज हो गई है। अब देखना होगा कि नगर निगम प्रशासन इस आरोप पर क्या प्रतिक्रिया देता है और क्या लखोली क्षेत्र की जनता को राहत मिल पाती है या नहीं।

# भीषण गर्मी के चलते 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित,भाजपा युवा मोर्चा की मांग रंग लाई

■ मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग का आदेश जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद 17 अप्रैल।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ा निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अब 20 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।

दरअसल, प्रदेश में इन दिनों तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। विशेष रूप से छोटे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था तथा लू, डिहाइड्रेशन और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था।

इसी को लेकर हाल ही में भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला बालोद के जिलाध्यक्ष गुलशन कुमार साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की थी। ज्ञापन में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए तत्काल निर्णय लेने की अपील की गई थी। अब शासन द्वारा जारी इस आदेश को युवा मोर्चा की मांग से जोड़कर भी देखा जा रहा है। पदाधिकारियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार ने समय रहते विद्यार्थियों के हित में संवेदनशील निर्णय लिया है, जिससे हजारों छात्रों को राहत मिलेगी। जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह अवकाश विद्यार्थियों के लिए लागू होगा, जबकि शिक्षकों के लिए पूर्व में जारी आदेश यथावत प्रभावशील रहेंगे। यह निर्णय प्रदेशभर के लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर है।


## न्यायालय कलेक्टर, रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

-::सार्वजनिक सूचना::-

क्रमांक/43/भू-अर्जन / भू.अ.प्र.क्र. 202511112400005/अ/82 वर्ष 2024-25 रायपुर दिनांक : 17/03/26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत ग्राम नगपुरा से जावा मार्ग का चौड़ीकरण कार्य अंतर्गत ग्राम सकरी स्थित भूमि को कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-01 सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है जो निम्नानुसार हैः-

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम पिता/पति का नाम | ख.नं. | कुल रकबा (हे.) | अर्जित रकबजा | भूमि का प्रकार /किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विनोद, प्रकाश पिता लक्ष्मीचंद गुप्ता साकिन-शांति नगर रायपुर, भूमिस्वामी- ग्राम सकरी, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) | 511 | 0.1200 | 0.0100 | धनहा असिंचित एक फसली |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथी के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अपनें द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर,
रायपुर (छ.ग.)

जी-262700198/2

## एक नजर

### भाममो के मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**रायपुर 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में भाजपा ने संगठन को मजबूत करने के लिए महिला मोर्चा के नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन माय के मार्गदर्शन में की गई। इसके साथ ही संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी, सह-संभाग प्रभारी डॉ. राजीव सिंह और जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा की सहमति भी रही। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कृतिका जैन ने मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित किए। जारी आदेश के अनुसार, सीमा साहू को भाठागांव अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर सीमा साहू ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगी।

### ललिता प्रेमाम्बा का पाटोत्सव महोत्सव 23 को



**रायपुर 17 अप्रैल।** राजधानी के डूमरतराई स्थित पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का 20वां पाटोत्सव महोत्सव 23अप्रैल को मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा पाटोत्सव के पूर्व चल समारोह 19 अप्रैल को प्रारंभ होगा। तैयारियों को लेकर यतिप्रवर दण्डी स्वामी श्री इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के सानिध्य में अति आवश्यक बैठक आज 17 अप्रैल सायं काल 4 बजे से आहूत की गई है। बैठक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुभक्त गण शामिल होंगे।

### कार्यों और इरादों के समन्वय से होते हैं सपने साकार

**रायपुर 17 अप्रैल।** यंग इंडियंस रायपुर ने हयात रायपुर में मैनिफेस्टेशन विषय पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया, जिसमें वक्ता काव्याल सेद्वानी ने अपने विचार साझा किए। इस सत्र में 120 से अधिक उत्साही सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व यी रायपुर के नेतृत्वकर्ता, चेयर पंकज सोमानी एवं कावित पासरी ने किया, जो लगातार चैप्टर के लिए प्रभावशाली पहल कर रहे हैं। सत्र के दौरान काव्याल सेद्वानी ने अपने अनुभवों के आधार पर बताया कि किस प्रकार विचारों, कार्यों और इरादों के सही समन्वय से अपने सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर देते हुए यह भी बताया कि अक्सर लोग अपनी क्षमता को कम आंकते हैं। रोचक उदाहरणों और व्यावहारिक दृष्टांतों के माध्यम से उन्होंने प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच अपनाने, निरंतर प्रयास करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया। उनका सत्र उपस्थित सभी सदस्यों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

### सट्टा किंग बाबू खेमानी गिरफ्तार

**रायपुर 17 अप्रैल।** ऑनलाइन सट्टे की दुनिया का बड़ा नाम बाबू खेमानी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मुंबई से उसकी गिरफ्तारी हुई है, जो IPL मैचों पर 3 STUMPS नाम की वेबसाइट के जरिए बड़ा सट्टा सिंडिकेट चला रहा था। पुलिस के मुताबिक, ये पूरा नेटवर्क महादेव सट्टा ऐप की तर्ज पर खड़ा किया गया था और देश के कई हिस्सों में फैला हुआ था। मुंबई और भुवनेश्वर में किराए के मकानों से बैठकर खेमानी इस अवैध धंधे को ऑपरेट कर रहा था, जहां से लाखों-करोड़ों का लेन-देन हो रहा था। मामले की कड़ी तब जुड़ी जब क्राइम ब्रांच ने हाल ही में 20 सटोरियों को पकड़ा। पूछताछ में सबने एक ही नाम लिया बाबू खेमानी। इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल ट्रैकिंग से उसकी लोकेशन मुंबई में पकड़ी और रेड मारकर गिरफ्तार कर लिया। बड़ी बात ये है कि खेमानी पहले भी पुलिस के रडार पर था और उस पर कार्रवाई हो चुकी थी। अब एक बार फिर उसकी गिरफ्तारी ने ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क की बड़ी परत खोल दी है।

# सीएम ने कलेक्टरों को दिए जन शिकायतों के त्वरित निपटारे के निर्देश



**रायपुर 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए इस वर्ष भी सुशासन तिहार 2026 आयोजित करने का निर्णय लिया है । मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि जन शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।

**अभियान के मुख्य चरण और प्राथमिकताएँ :** मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार 2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट रूपरेखा निर्धारित की है, जिसमें अभियान के मुख्य चरणों और प्राथमिकताओं पर विशेष जोर दिया गया है । इसके पहले चरण में 30 अप्रैल 2026 तक सभी लंबित विषयों के निपटारे की समय-सीमा तय की गई है, जिसके अंतर्गत कलेक्टरों को भूमि संबंधी प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन का त्वरित निराकरण करने, मनरेगा की लंबित मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करने के निर्देश दिए गए हैं । साथ ही, बिजली, ट्रांसफार्मर और हैंडपंप सुधार जैसे बुनियादी कार्यों के साथ-साथ उज्ज्वला, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और पेंशन जैसी महत्वपूर्ण हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाना शासन की प्राथमिकता में शामिल है । अभियान के दूसरे चरण में 1 मई से 10 जून 2026 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक 15-20 पंचायतों के समूह और नगरीय क्षेत्रों में वार्डों के क्लस्टर के आधार पर विशेष जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे । इन शिविरों की सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह है कि यहाँ प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का निराकरण अधिकतम एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए और संबंधित आवेदक को उसके आवेदन पर की गई कार्यवाही की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए ।

**निरीक्षण और समीक्षा:** अभियान के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे और जनता से फीडबैक लेंगे । जिला मुख्यालयों पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी और मुख्यमंत्री प्रेसवार्ता के माध्यम से संवाद भी करेंगे ।

**प्रचार-प्रसार पर ज़ोर:** मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क विभाग और जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दिया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें ।

# इस वर्ष जुलाई तक विवाह के 28 शुभ लग्न

■ अक्षय तृतीया पर विवाह मुहूर्त नहीं



**रायपुर, 17 अप्रैल।** 14 अप्रैल को खरमास समाप्त हो जाने के बाद अब विवाह की हलचल प्रारंभ हो गई है। खरमास 15 मार्च को लगा था। इस दौरान वैवाहिक कार्यक्रम निषिद्ध थे। इस मास के समाप्त होने के बाद अब शादी के जहां नए रिश्ते तय होंगे वहीं तय हो चुके रिश्तों की सप्तपदी होगी। विवाह के शुभ लग्न 20 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं, जो जुलाई तक जारी रहेंगे। जुलाई तक विवाह के 28 शुभ मुहूर्त हैं। इस दौरान राजधानी सहित पूरे प्रदेश में सैकड़ों जोड़ी दांपत्य जीवन की डोर में बंधेंगे। विवाह भवन, हलवाई, बैंड, टैंट आदि पहले से बुक किए जा चुके हैं। शादियां अधिक होने के कारण विवाह भवन के लिए मारामारी है। इसको लेकर मध्यम वर्ग ज्यादा परेशान है। बड़े व भव्य भवनों का एक दिन का किराया तीन से सात लाख रुपए है। भोजन व सजावट का खर्च इसमें शामिल नहीं है। छोटे व सस्ते भवन बुक हो चुके हैं। रसोई गैस सिलेंडर की कमी ने नई परेशानी पैदा कर दी है। इस साल चौंकाने वाली बात यह है कि 19 अप्रैल अक्षय तृतीया को विवाह मुहूर्त नहीं है। जबकि पहले के वर्षों में अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में शादियां होती रही है. इसी दिन भगवान परशुराम जयंती है।

**विवाह मुहूर्त**

| | |
|---|---|
| **अप्रैल 2026** | बुधवार, 13 मई |
| सोमवार, 20 अप्रैल | गुरुवार, 14 मई |
| मंगलवार, 21 अप्रैल | **जून 2026** |
| शनिवार, 25 अप्रैल | रविवार, 21 जून |
| रविवार, 26 अप्रैल | सोमवार, 22 जून |
| सोमवार, 27 अप्रैल | मंगलवार, 23 जून |
| मंगलवार, 28 अप्रैल | बुधवार, 24 जून |
| बुधवार, 29 अप्रैल | गुरुवार, 25 जून |
| **मई 2026** | शुक्रवार, 26 जून |
| शुक्रवार, 1 मई | शनिवार, 27 जून |
| रविवार, 3 मई | सोमवार, 29 जून |
| मंगलवार, 5 मई | **जुलाई 2026** |
| बुधवार, 6 मई | बुधवार, 1 जुलाई |
| गुरुवार, 7 मई | सोमवार, 6 जुलाई |
| गुरुवार, 14 मई | मंगलवार, 7 जुलाई |
| शुक्रवार, 8 मई | शनिवार, 8 जुलाई |

## सरकार के संरक्षण में सीमेंट के दाम बेलगामः कांग्रेस

**रायपुर 17 अप्रैल।** सीमेंट के दाम में 80 रुपए तक की प्रति बोरा वृद्धि को सरकार के संरक्षण में सीमेंट कंपनियों की मनमानी करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से पिछले दो साल के भीतर ही सात बार सीमेंट के दाम बढ़ाए गए, इस लूट को सरकार का मौन समर्थन है। कंस्ट्रक्शन कार्यों में उपयोग होने वाला ओपीसी और पीपीसी सीमेंट में अतिरिक्त मुनाफाखोरी के चलते ही मूल्य वृद्धि 80 रुपए पार कर चुकी है। भाजपा सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ में सीमेंट के दाम सितंबर 2024 में 50 रुपया वृद्धि, नवंबर 2024 में 5 से 15 रुपया, दिसंबर 2024 में 20 से 40 रुपया, जनवरी 2025 में 35 से 55 रुपया, जनवरी 2025 में 10 से 15 रुपया, अगस्त में 2025 में 20 की वृद्धि पहले ही किया जा चुका है अब 60 से 80 रूपये प्रति बोरा की बेतहाशा वृद्धि आम जनता पर अत्याचार है। हालत यह है कि सीमेंट उत्पादन में अग्रणी राज्य छत्तीसगढ़ में सीमेंट के दाम पड़ोसी राज्यों से अधिक है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा है कि सरकार की गलत नीतियों के चलते आम जनता की गाढ़ी कमाई से बनाए जा रहे सरकारी प्रोजेक्ट की लागत बढ़ रही है।

# प्री-कर्सर डिटेक्शन किट का वितरण

■ नारकोटिक्स ड्रग डिटेक्शन पर कार्यशाला

**रायपुर 17 अप्रैल।** पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नारकोटिक्स ड्रग डिटेक्शन किट एवं प्री-कर्सर डिटेक्शन किट के उपयोग के बारे में पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में राज्य स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।इन किट का उपयोगऑन-स्पॉट ड्रग डिटेक्शन में किया जाता है जिससे प्रथम दृष्टया संदिग्ध पदार्थ का मादक पदार्थ होने का पता चलता है।मादक पदार्थ की पहचान में इसकी उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए ड्रग डिटेक्शन किट एवं प्री-कर्सर जिलों को वितरित किये गये हैं।इन किट्स के उपयोग से ड्रग्स का पता लगाया जा सकेगा। जिस से दोषी व्यक्तियों को तत्काल गिरफ्तार करने तथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने में सहायता प्राप्त होगी।राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के संयुक्त संचालक डॉ. एच.एस. भावरा एवं वरिष्ठ



वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. संदीप कुमार वैष्णव द्वारा डीडी किट एवं प्रीकर्सर डिटेक्शन किट के उपयोग के हेतु लाईव डेमो देते हुए इसका किस प्रकार इस्तेमाल किया जाना है] ताकि ड्रग का परीक्षण भली भांति किया जा सके। पर विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यशाला में एन्टीनारकोटिक्स टॉस्कफोर्स के नोडल अधिकारी एवं विवेचनाधिकारी सहित कुल 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहा. पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती पूजाअग्रवाल] अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अनामिका जैन] प्रभारी नारकोटिक्स सेल श्रीअशुंमान सिंह सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आबकारी मंत्री को अपने बंगले और भाजपा कार्यालय में शराब दुकान खोलनी चाहिये

**रायपुर 17 अप्रैल।** राजनांदगांव के घुमका गौठान में शराब दुकान खोलने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार को शराब दुकान खोलने जगह कम पड़ रही है तो उन्हें आबकारी मंत्री के सरकारी बंगला और भाजपा कार्यालयों में दुकान खोलना चाहिये, कम से कम गोठनों को छोड़ देते। गौठान में शराब दुकान खोलना क्या यही भाजपा की गौ सेवा है? गौठान जहाँ कांग्रेस सरकार में पशुधन संरक्षण नस्ल सुधार दुग्ध उत्पादन का केंद्र था। भाजपा उन गौठानो के खिलाफ हमेशा रही है, विपक्ष में रहते गौठानो के खिलाफदुष्प्रचार किया और सत्ता मिलते ही गोठनों में तालाबंदी कर पशुधन को खदेड़ा दिया। अब गोठनों में शराब दुकान खोलकर अपनी मदिरा प्रेम को प्रदर्शित कर रही है, यही भाजपा का असली चरित्र है। भाजपा सरकार की शराब की कमाई की भूख ने गौ धन को भी सड़को में भटकने भूखे मरने दुर्घटना का शिकार होने मजबूर कर दिया है।

# सरकार औद्योगिक मजदूरों की सुरक्षा में लापरवाहः दीपक बैज



**रायपुर 17 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वेदांता पावर की दुर्घटना सरकार के उद्योग विभाग और प्रबंधन की लापरवाही से हुई। हमने वहां पर जो देखा लोगों से चर्चा किया उससे साफहो रहा कि यह दुर्घटना घोर लापरवाही का परिणाम है। सावधानी बरती जाती तो इतनी बड़ी जनहानि नहीं होती। इस दुर्घटना में सरकार की भी लापरवाही है, सरकार के उद्योग सेफ्टी विभाग क्या कर रहा था? सरकार के पास बायलर सुरक्षा जाँच अधिकारी कार्यरत है। दुर्घटना के बाद वह घटना स्थल पर पहुँचता है, दुर्घटना के पहले नियमित जाँच में कब गया था? किलेन और बायलर की जब नियमित सफाई होती है तो इस मेंटेनेन्स के पहले उद्योग सुरक्षा विभाग इसका निरीक्षण क्यों नहीं करता? जब एक वायलर की सफाई की जाती है, तो दूसरे किलेन या वायलर को बंद रखा जाना चाहिए, यहां पर उस मानक का पालन नहीं किया गया। यदि दूसरा वायलर बंद रहता तो स्वाभाविक है, तापमान नियंत्रित नहीं रहता और ब्लास्ट होने की संभावना होती। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ में औद्योगिक सुरक्षा की स्थिति भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है, मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं देने से दुर्घटनाएं हो रही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि भट्टी बंद किए बिना ही जोखिम भरे काम करवाना, सुरक्षा उपकरणों का न होना और बिना उचित परमिट के काम करना सामान्य बात हो गई है जो सुरक्षा तंत्र की विफलता का स्पष्ट संकेत है। वेदांता पावर पहले एथेना पावर के नाम से संचालित थी, जो 10 वर्षो तक बंद रही, फिर इसे वेदांता ग्रुप ने खरीदा 10 वर्षो तक बंद फैक्ट्री को जब शुरू किया तो कितने उपकरण बदली हुये, पुराने कितने मशीने कंडम हुई, उद्योग विभाग ने इसका आडिट कराया था, क्या इसकी जांच होनी चाहिये? पूरे प्रदेश में संचालित उद्योगों में सुरक्षा ऑडिट कर तय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें सरकार। प्रदेश में लगातार हो रही औद्योगिक दुर्घटनाएं चिंता का विषय है।

यह सुरक्षा मानकों के प्रति बरती जा रही घोर लापरवाही है। ऐसी घटना केवल दुर्घटना नहीं हत्या है, सदोष मानव वध है। राज्य में पिछले ढाई सालों में औद्योगिक दुर्घटना में लगभग 300 श्रमिकों की जानें गयी है। इस मामले में एफआईआर तो किया गया है लेकिन जमानतीय धारायें लगाई गयी है। साथ ही उद्योग विभाग के जिम्मेदार लोगो क्यों छोड़ा गया? लापरवाही तो सरकारी अमले की भी है।

## ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन पर सेमिनार आयोजित

**रायपुर 17 अप्रैल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ तिल्दा -नेवरा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

स्पैड से बचाव एवं आटोमेटिक सिगनलिंग फेलुअर के दौरान दी जानेवाली प्राधिकार और चालक द्वारा लिए जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां तथा ट्रेन को पायलट इन एवं पायलट आउट के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां, प्वाइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जाने वाली गर्मीकालीन सावधानियां एवं कार्यस्थल की संरक्षा, प्राथमिक उपचार पेटी के उपयोग का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन । इस संरक्षा सेमिनार में श्री सुरेश चन्द्र, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, रायपुर, श्री प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर के साथ-साथ संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 67 लोगों ने भाग लिया।

# सक्षम ने किया महिलाओं का सम्मान



**रायपुर 17 अप्रैल।** सक्षम महिला आयाम छत्तीसगढ़ प्रांत का वार्षिक कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह संतोष अग्रवाल ग्रोथ अकैडमी कोपलवाणी मुखबधिर दिव्यांग संस्थान ग्राम सेमरिया रायपुर में संपन्न हुआ 7 उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी आदरणीय कौशल्या साय जी मुख्य अतिथि स्वरूप उपस्थित हुई , विशिष्ट अतिथि में श्रीमती शताब्दी पांडेय जी , सक्षम के संगठन मंत्री श्रीराम जी राजवाड़े,प्रांताध्यक्ष डॉ.सुरेंद्र शुक्ला जी,श्री आनंद सिंघानिया जी ,कोषाध्यक्ष श्री जैनेन्द्र जैन जी, सचिव श्री अनूप पांडे जी,सहसचिव श्रीमती अंजली चावड़ा, प्रचार प्रसार प्रमुख इंदिरा जैन जी,महिला आयाम प्रमुख श्रीमती पदमा शर्मा जी, युवा आयाम प्रमुख श्री शरद चन्द्रा जी व रायपुर से जिलाध्यक्ष डॉ. नम्रता सिरमौर जी सहित सतीश राजवाड़े,डॉ. विनय टंडन, संगीता कश्यप, श्री सुभाष जंघेल जी,बोधिसत्व धुरंधर , विवेक साहू, डॉ.नूतन साहू,महासमुंद से श्री राजेश नायक जी , श्रीमती उर्वशी साहू जी, सारंगढ़ से श्रीमती सरिता सिदार जी, रायगढ़ से श्रीमती ललिता पटेल जी, चाँपा से श्रीमती ज्योति सराफ जी, कोरबा से श्रीमती निर्मला शर्मा जी, अंबिकापुर से श्री मती मोहनी पटनायक जी, बलौदाबाजार- भाटापारा से अर्चना बघेल जी, डॉ. वर्षा मिश्रा जी, श्रीमती सती वर्मा जी ,बिलासपुर से श्रीमती विद्या साहू जी, श्रीमती शेफाली घोष कार्यक्रम की प्रत्यक्ष रूप में उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाली 101 महिलाओं का सम्मान कोपलवाणी दिव्यांग छात्रो द्वारा बनाई गई बस्तर की चित्रकला सम्मान स्वरूप दिया गया। सक्षम प्रांत संगठन मंत्री श्री रामजी राजवाड़े जी का पंच परिवर्तन के विषय पर विशेष उद्बोधन रहा एवं डॉ.नम्रता सिरमौर द्वारा सक्षम महिला आयाम का विषय जागरूक परिवार स्वस्थ शिशु के विषय पर गहन व्याख्यान दिया गया।

**आयोजन** | समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से ही संभवः थौरानी

# चेंबर की बलौदाबाजार इकाई का हुआ शपथ ग्रहण



**रायपुर 17 अप्रैल।** बलौदाबाजार में व्यापारियों के हित और संगठन की मजबूती के लिए एक ऐतिहासिक गौरवशाली दिन रहा। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के अध्यक्षता में तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री निकेश बरड़िया के मुख्य आतिथ्य एवं चेम्बर प्रतिनिधि मंडल की गरिमामयी उपस्थिति में बलौदाबाजार इकाई का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री संदीप साहू, विधायक कसडोल, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने नवनियुक्त इकाई अध्यक्ष श्री लक्ष्मी साहू, महामंत्री श्री शिव प्रकाश तिवारी और कोषाध्यक्ष श्री लक्ष्मेंद्र अग्रवाल सहित इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष और साथ आए प्रतिनिधि मंडल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेम्बर व्यापारियों की सशक्त आवाज है, और संगठन की एकजुटता ही व्यापारियों के हितों की सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। वर्तमान समय में व्यापारिक चुनौतियों का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नवदायित्व की बधाई देते हुए उन्हें पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों को संगठन से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने का आह्वान किया। श्री थौरानी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि यह नई टीम व्यापारिक हितों में समर्पित भाव से कार्य करते हुए बलौदाबाजार के व्यापार को और भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

# यूसीसी सामाजिक न्याय को सशक्त करेगाः संजय श्रीवास्तव

**रायपुर 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) लागू करने का महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इस निर्णय का छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने पूर्ण समर्थन करते हुए इसे न्यायिक सुधारों की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बताया है। श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण एवं पारिवारिक मामलों में अलग-अलग धर्मों के अनुसार अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू हैं। इस व्यवस्था के कारण न केवल वैधानिक प्रक्रियाओं में असमानता उत्पन्न होती है, बल्कि आम नागरिकों के लिए न्याय प्राप्त करना जटिल एवं समयसाध्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है, जो सामाजिक न्याय, समानता एवं एकरूपता की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य करती रही है। समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में धार्मिक एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा तथा महिलाओं को विशेष रूप से न्याय और अधिकारों की दृष्टि से सशक्त बनाया जा सकेगा। यह कानून महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि एक ही परिवार में अलग-अलग नियम और कानून लागू होना व्यवहारिक रूप से भी उचित नहीं है। जब एक परिवार के सदस्यों के लिए अलग-अलग कानूनी व्यवस्थाएं होंगी, तो इससे न केवल भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी बल्कि पारिवारिक समरसता भी प्रभावित होगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26